बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 20 जुलाई 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 174 | मूल्य - 5 रुपये














## तेलंगाना में अज्ञात लोगों ने कांग्रेस पदाधिकारी को आग लगाई, मौत

**हैदराबाद, (भाषा)।** तेलंगाना के वारंगल जिले में अज्ञात लोगों ने कांग्रेस के एक स्थानीय नेता पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और बाद में हैदराबाद के एक अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान जी. महेश (करीब 35 वर्ष) के रूप में हुई है। शुरुआती जांच के आधार पर बताया कि अज्ञात लोगों ने शनिवार को गीसुगोंडा थाना क्षेत्र में महेश पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी।

महेश ने अस्पताल ले जाए जाते समय वीडियो में दर्ज किये गए बयान में कहा कि कुछ लोगों ने उसे एक सुनसान जगह पर बुलाया था, जहां उनमें से एक व्यक्ति ने उस पर अचानक पेट्रोल डालकर आग लगा दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हत्या के सही कारण का अभी पता नहीं चला है और फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त पुलिस दल गठित किए गए हैं। पुलिस ने हत्या के मामले में कहा कि जांच जारी है।

# म.प्र. का मानसून सत्र आज से, मुख्यमंत्री से जुड़े भूमि घोटाले सहित अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस..



**भोपाल, (भाषा)।** ***मध्यप्रदेश विधानसभा का पांच दिवसीय मानसून सत्र सोमवार से आरंभ होगा, जिसके हंगामेदार रहने की संभावना है क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जहां समान नागरिक***

संहिता (यूसीसी) सहित कई महत्वपूर्ण विधेयकों को सदन में पेश करने की तैयारी की है, वहीं प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने घोषणा की है कि वह मुख्यमंत्री और उनके परिवार से जुड़े भूमि घोटाले सहित भ्रष्टाचार के अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। सत्र की शुरुआत से ठीक एक दिन पहले रविवार को मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने यूसीसी विधेयक के मसौदे को मंजूरी देने के अलावा श्रम संहिता, निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक, नागरिक सुरक्षा और व्यवसाय की सुगमता से जुड़े विधेयकों को भी स्वीकृति दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यूसीसी सहित उपरोक्त विधेयकों को 20 जुलाई से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा और इन्हें पारित कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यूसीसी संबंधी विधेयक का विशेष रूप से जिक्र करते हुए सभी राजनीतिक दलों से लोक हित के मुद्दों पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समर्थन करने की भी अपील की। इस बीच, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मानसून सत्र की तैयारियों का जायजा लिया और उम्मीद जताई कि यह सत्र सार्थक होगा और लोक कल्याण के मुद्दों पर सकारात्मक बहस होगी। उन्होंने सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।मध्य प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 20 जुलाई से 24 जुलाई तक प्रस्तावित है। इस दौरान अनुपूरक बजट सहित विभिन्न विधेयकों पर चर्चा और उन्हें पारित कराने सहित अन्य महत्वपूर्ण विधायी कार्य किए जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपने आवास पर पार्टी विधायक दल की बैठक की और कहा कि कांग्रेस इसमें जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज की बैठक में मुख्यमंत्री एवं उनके परिवार से जुड़े भूमि घोटाले, पेपर लीक के मद्देनजर रोजगार एवं भर्ती परीक्षाओं में व्यापक सुधार, केन-बेतवा परियोजना से जुड़े मुद्दों तथा प्रदेश में सामने आए घोटालों और भ्रष्टाचार के अन्य मामलों को जोरदार तरीके से उठाने की रणनीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि इनके अलावा किसानों की समस्याओं, सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भर्ती संबंधी वार्षिक कार्यक्रम जारी करने की मांग, समान नागरिक संहिता, आदिवासियों एवं दलितों के अधिकारों और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार सहित अन्य मुद्दों को उठाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान इन सभी मुद्दों को तथ्यों और प्रमाणों के साथ प्रभावी ढंग से सदन में उठाया जाएगा तथा सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, किसानों की बदहाली, महिलाओं की सुरक्षा, भ्रष्टाचार, भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताएं तथा आदिवासियों और दलितों के अधिकारों से जुड़े गंभीर प्रश्न लगातार सामने आ रहे हैं, जिन पर सरकार को जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक दल पूरी तैयारी, एकजुटता और तथ्यात्मक आधार के साथ विधानसभा सत्र में सरकार को जनता से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर जवाब देने के लिए मजबूर करेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप रचनात्मक और प्रभावी भूमिका निभाते हुए प्रदेश के हितों से जुड़े हर विषय को सदन में प्रमुखता से उठाएगा।

## केजरीवाल ने नीट पुनर्परीक्षा के मूल्यांकन में गड़बड़ी का आरोप लगाया

**नई दिल्ली, (भाषा)।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नीट पुनर्परीक्षा के मूल्यांकन में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए दावा किया कि कई छात्रों ने अंकों में गड़बड़ी की शिकायत की है। केजरीवाल ने परीक्षा के संचालन को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए। एक वीडियो संदेश में दावा किया कि कुछ छात्रों ने शिकायत की है कि उनकी अपलोड की गई 'ओएमआर शीट' बदल दी गई या वह किसी अन्य उम्मीदवार की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ छात्रों की ओएमआर शीट सही थी लेकिन आधिकारिक उत्तर कुंजी से उत्तर मिलाने पर उनके अनुमानित अंकों और अंतिम परिणाम में घोषित अंकों के बीच अंतर पाया गया। केजरीवाल ने कहा कि इन कथित गड़बड़ियों से छात्र एवं उनके परिवार चिंतित हैं और छात्र यह भी नहीं समझ पा रहे कि शिकायत के समाधान के लिए उन्हें कहां जाना चाहिए। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) आयोजित करने वाली परीक्षा एजेंसी ने आरोपों पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।









# बालाघाट जिले के वारासिवनी में दोस्तों के साथ नहाने नदी में गया 11 वर्षीय श्रेयांश पानी में बहा..

**जगप्रेरणा वारासिवनी।** बालाघाट जिले के वारासिवनी थाना अंतर्गत 19 जुलाई रविवार की शाम को दोस्तों के साथ चंदन शाम 4 से 5 बजे के बीच नदी में नहाने गया 11 वर्ष का छात्र श्रेयांश देशमुख पानी के तेज बहाव में बह गया, घटना के बाद परिवारजनों को जैसे ही जानकारी दी गई, परिवार सदमे में आ गया, तथा पुलिस को जानकारी दी गई, जिसके बाद पुलिस ने लापता श्रेयांश की खोजबीन में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक सफलता नहीं मिल सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के वार्ड नंबर 11 हैदराबाद मोहल्ला के पास से बहने वाली चंदन नदी में छात्र श्रेयांश अपने चार दोस्तों साहिल, पार्थ देशमुख, भानु देशमुख और अनोख देशमुख के साथ नहाने गया था। नहाते समय अचानक अनोख को डुबते देखकर पार्थ ने उसे बचा लिया, लेकिन इसी दौरान अचानक पार्थ खुद गहरे पानी में जाने लगा तो उसे साहिल ने बाहर निकाल लिया, इसी बीच श्रेयांश भी गहरे पानी में चला गया और इससे पहले की श्रेयांश को उसके दोस्त बचा पाते, वह नदी के तेज बहाव में बह गया। जानकारी के अनुसार इस घटना के बाद सभी दोस्त बुरी तरह डर गए और चुपचाप अपने-अपने घर लौट आए। डर के मारे किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन जब श्रेयांश घर नहीं पहुंचा और पता चला कि वह दोस्तों के साथ नदी नहाने गया था, तब परिवारजनों ने साथी बच्चों से पूछताछ की तो उन्होंने डरते-डरते पूरी जानकारी दी। नदी में श्रेयांश के बहने की बात पता चलने पर परिवार में मातम छा गया, परिवारजनों का रो रोकर बूरा हाल हो गया, तथा तुरंत ही पुलिस को जानकारी दी गई। बालाघाट से एसडीईआरएफकी टीम को श्रेयांश की खोजबीन के लिए बुलाया गया जिसने खोजबीन शुरु की, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई।










कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# राईस मिलर्स ने कहा, जब एफसीआई को चांवल का भुगतान हो गया तो फिर घोटाला कैसा? राईस मिलर्स पर कार्रवाई क्यों?

## चेम्बर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष अभय सेठिया ने ली राईस मिलर्स के साथ बैठक..

## व्यापारियों के विषय पर की पुलिस अधीक्षक से चर्चा..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट जिले में एथेनॉल प्लांट से चांवल राईस मिलर्स को पहुंचाने के बाद बालाघाट पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एसआईटी का गठन करके पुलिस द्वारा धड़ाधड़ राईस मिलर्स पर कार्यवाही की जा रही है। इस स्थिति में 18 जुलाई को परेशान राईस मिलर्स एवं समस्त राईस उद्योगों के साथ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अभय सेठिया ने बैठक ली, और राईस मिलर्स का पक्ष जानने का प्रयास किया। बैठक में राईस मिलर्स काफी आक्रोशित दिखाई दिये, तथा पुलिसिया कार्यवाही पर*

उन्होंने आपत्ती भी दर्ज की, तो वहीं पुलिस की भूमिका तथा कर्त्तव्य को लेकर भी सवाल खड़े किये। व्यापारियों ने कहा कि हम खुलकर कुछ भी कहने से डरते हैं, लेकिन बालाघाट में पुलिस अपना मूल काम छोड़कर जो व्यापारियों के पीछे पड़ी है, उस पर हमारी घोर आपत्ती है। व्यापारियों ने कहा कि बालाघाट में दर्जनों चोरी, हत्याओं, आत्महत्याओं के मामलों से पर्दा नहीं उठा, उस पर काम करने की बजाए पुलिस अधीक्षक व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं, इससे पुलिस अधीक्षक को कोई मैडल नहीं मिलने वाला, बल्कि पुलिस अधीक्षक की पीठ तभी थपथपाई जा सकती है, और वाह वाही उनकी तभी हो सकती है कि जब वो अपना वास्तविक कार्य करें, लेकिन पुलिस अधीक्षक जिस तरह से राईस मिलर्स और एथेनॉल के लेन देन पर काम कर रहे हैं, उसके कारण कांग्रेस को इस बात का मौका मिल गया है कि जैसे करोड़ों का घोटाला हुआ हो, और पुलिस अधीक्षक द्वारा एक छोटी सी कार्यवाही को बड़ा बनाने के कारण आज बैठे बिठाए पुलिस अधीक्षक ने भाजपा सरकार को घेरने के लिये कांग्रेस को एक मुद्दा दे दिया है।

एक व्यापारी ने कहा कि आज बालाघाट से उठे मुद्दे के कारण लोकसभा और विधानसभा में कांग्रेस भाजपा को घेरने जा रही है, जिसके लिये भी पूरी तरह से पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा जिम्मेदार है। आदित्य मिश्रा के कारण आज पुरी भाजपा सरकार कठघरे में खड़ी कर दी गई है।

### कार्यवाही हो तो भारतीय खाद्य निगम अधिकारियो पर हो..

राईस मिलर्स और व्यापारियों ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अभय सेठिया के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए कहा कि एथेनॉल प्लांट को खाने योग्य चांवल की आवश्यकता ही नहीं है, लेकिन वह खाने योग्य चांवल भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों द्वारा एथेनॉल प्लांट को बेचा गया, तो इस मामले में सबसे बड़ा अपराध तो भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों का है, लेकिन पुलिस ने किसी भी भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी पर कार्यवाही नहीं की। हमारी मांग है कि पुलिस अधीक्षक सबसे पहले भारतीय खाद्य निगम के अधिकारियों पर कार्यवाही करे।

### खुले बाजार में लेन देन में पुलिस का हस्तक्षेप क्यों?

राईस मिलर्स ने व्यापारियों की बैठक में यह भी विषय रखा कि खुले बाजार में व्यापारी लेन देन करता है, और राईस मिलर्स सिर्फ एथेनॉल प्लांट से नहीं बल्कि आवश्यकता के अनुरुप और भाव उतार चढ़ाव की स्थिति में खुले बाजार में अन्य राज्यों से भी धान और चांवल खरीदता है, तो इस तरह से ही राईस मिलर्स ने जब एथेनॉल प्लांट का चांवल खरीदा और वह बेचे जाने योग्य नहीं था तो एथेनॉल प्लांट के मालिकों पर कार्रवाही होनी चाहिये, लेकिन एवीजे एथेनॉल प्लांट के मालिक को पकड़ने की बजाए निरपराध राईस मिलर्स को पुलिस परेशान कर रही है। पुलिस एथेनॉल प्लांट के मालिकों को गिरफ्तार करने की बजाए उनके मैनेजर को गिरफ्तार कर पल्ला झाड़ने का काम कर रही है, और राईस मिल मालिकों पर भी दनादन अपराध दर्ज कर लिये गए हैं। इसी के साथ पुलिस अधीक्षक सुबह, शाम, दोपहर बार बार रात और दिन राईस मिलर्स और उनके कर्मचारियों को पकड़ पकड़कर पुछताछ के नाम पर प्रताड़ित कर रही है, जैसे राईस मिलर्स कोई व्यापारी नहीं बल्कि आदतन चोर हैं। यदि पुलिस ऐसा व्यवसायिक मामलों में हस्तक्षेप करती है, तो फिर व्यापारी के लिये तो व्यापार करना ही मुश्किल हो जायेगा।

### सांसद, विधायक मौन क्यों? हमें इंसाफ चाहिये..

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक में राईस मिलर्स ने यह भी कहा कि इतने दिनों से पुलिस राईस मिलर्स को परेशान कर रही है, और हमने अपने क्षेत्र के विधायक और सांसद से संपर्क किया, तो वो भी कोई मदद नहीं कर रहे हैं। सांसद कहती है कि पुलिस अधीक्षक उनकी नहीं सुनते, ऐसा ही अन्य सभी विधायक भी कहते हैं, आर पल्ला झाड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि व्यापारी तो हमेशा से भाजपा का पक्षधर रहा है, लेकिन भाजपा सरकार में व्यापारी अपने आपको ठगा महसुस कर रहा है।

### बोले व्यापारी पुलिस व्यापार करके देख ले..

एक व्यापारी ने तो बैठक में यहां तक कहा कि पुलिस अधीक्षक महोदय से कहा जाए कि वो भी जांच के नाम पर एक दिन व्यापार करके भी देख ले, तो उन्हें समझ में आ जायेगा कि बैंकों से लाखों करोड़ों का लोन लेकर, व्यापार नहीं चलने और तेजी मंदी में भाव कम होने पर व्यापारी कैसे व्यापार चलाता है, कर्मचारियों को तनखा देता है, बिजली का बिल भुगतान करता है, ऐसा करके एसपी साहब देख लें, तो समझ में आ जायेगा कि व्यापार करना कितना कठिन है, और प्रतिस्पर्धा कितनी अधिक है। राईस मिलर्स ने कहा कि एक तरफ सरकार हमारी नहीं सुन रही, और 50 प्रतिशत चांवल निकलने के बाद 67 प्रतिशत चांवल की मांग करती है, राईस मिलर्स पहले से ही भारी परेशान है। अनेक राईस मिलें बंद हो चुकी है। हमारा व्यापार घाटे में है। अनेक व्यापारी व्यापार में संघर्ष करते हुए व्यापार में दिवालिया तक हो जाता है या फिर उसका उद्योग बंद भी हो जाता है, इसी के साथ व्यापारी लाखों रुपये टैक्स देता है, जिससे पुलिस विभाग और सभी विभागों को वेतन मिलता है, देश को चलाने में सबसे बड़ा योगदान व्यापार और उद्योग से ही मिलता है, फिर भी व्यापारी को चोर बताया जा रहा है।



### सेठिया ने पुलिस अधीक्षक से चर्चा की..

अभय सेठिया ने चर्चा में जगप्रेरणा को बताया कि उन्होंने पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा से भी बात की, और राईस मिलर्स को अनावश्यक परेशान करने पर आपत्ती भी दर्ज की। उन्होंने व्यापारियों के कथन और उनकी भावनाओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस लेने की भी बात कही..

अभय सेठिया ने जगप्रेरणा को यह भी बताया कि व्यापारियों और राईस मिलर्स के पक्ष के संदर्भ में वे 20 जुलाई को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी आयोजित करेंगे और राईस मिलर्स की उपस्थिति में पत्रकारों के समक्ष राईस मिलर्स की बात विस्तारपूर्वक रखेंगे, इसी प्रकार राईस मिलर्स के साथ मिलकर पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर बालाघाट एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# 10 महीने बाद 12.57 लाख की चोरी मामले में बालाघाट कोतवाली पुलिस को मिली सफलता..

## प्रभुतम नगर निवासी आकाश बिसेन के घर पर चोरी मामले में तमिलनाडु और महाराष्ट्र निवासी दो आरोपियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार..





जगप्रेरणा बालाघाट।

*कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2025 में प्रभुतम नगर स्थित एक सूने मकान में हुई 12.57 लाख रुपये की सनसनीखेज चोरी का सफल खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के*

अनुसार, प्रभुतम नगर निवासी आकाश बिसेन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 18 से 20 सितंबर 2025 के बीच अज्ञात चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण एवं 57 हजार रुपये नकद सहित कुल 12.57 लाख रुपये की संपत्ति चोरी कर ली थी। इस संबंध में कोतवाली थाना में अपराध क्रमांक 563/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 331(4), 305(ए) एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं लगातार की गई कार्रवाई के आधार पर पुलिस अंतरराज्यीय गिरोह तक पहुंचने में सफल रही।

गिरफ्तार आरोपियों में वेंकटेशन, निवासी तिरुवल्लूर (तमिलनाडु), वर्तमान पता हैदराबाद तथा प्रभु सानिपति, निवासी रेयतवारी कॉलरी, चंद्रपुर (महाराष्ट्र) शामिल हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बालाघाट में चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि पहले सूने मकानों की रेकी कर उन्हें निशाना बनाया जाता था।

चोरी के बाद सोने-चांदी के आभूषण हैदराबाद में विभिन्न स्थानों पर बेच दिए जाते थे। प्राप्त रकम से वाहन खरीदे गए तथा शेष राशि आपस में बांट ली गई। पुलिस ने आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर चोरी की रकम से खरीदे गए वाहन एवं अन्य संपत्ति की बरामदगी की कार्रवाई की है। मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका तथा शेष चोरी की संपत्ति की बरामदगी के लिए जांच जारी है।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार..

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपीयों में वेंकटेशन, पिता रंगनाथन, निवासी तिरुवल्लूर, जिला तिरुवल्लूर (तमिलनाडु), वर्तमान पता हैदराबाद, तेलंगाना एवं प्रभु सानिपति, पिता सुब्रमण्यम सानिपति, निवासी रेयतवारी कॉलरी, चंद्रपुर, महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया गया है, जबकि राकेश सानिपति, फरार है, तथा आगे विवेचना जारी है।

# बालाघाट के अंशुमन राहंगडाले ने नीट परीक्षा ऑल इंडिया रैंक में प्राप्त किया 314 वां स्थान..



## वरिष्ठ समाजसेवी डी.पी. राहंगडाले परिवार में छाई खुशियां..

## देश के किसी भी मनचाहे एम्स में मिल सकता है अंशुमन को एडमिशन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट प्रेमनगर निवासी समाजसेवी श्री डी पी राहंगडाले का पोता अंशुमन राहंगडाले ने नीट 2026 परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही 720 में से 680 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 314 प्राप्त किया। अंशुमान ने इसी वर्ष बारहवीं की परीक्षा सीबीएसई से 90.20 प्रतिशत*

अंकों से श्रीकृष्णा पब स्कूल इंदौर से उत्तीर्ण की है। अंशुमान ने आकाश कोचिंग इंदौर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भी शिक्षा ग्रहण की है। अंशुमान, डी पी राहंगडाले के छोटे सुपुत्र मिथिलेश्वर, पुत्र वधू पायल राहंगडाले का ज्येष्ठ पुत्र है। अंशुमान को किसी भी एम्स में प्रवेश मिल सकता है। अंशुमान की सफलता पर दादा डी.पी. राहंगडाले, दादी श्रीमति सुलोचना राहंगडाले, पापा मिथिलेश्वर मम्मी पायल राहंगडाले, बड़े पापा यशेश्वर बड़ी मम्मी मोना राहंगडाले, चचेरे बड़े भाई अमन, अर्पण, छोटा भाई आर्य राहंगडाले ने बधाई एवं आशीर्वाद दिया है। अंशुमान को श्री अर्जुनसिह सनोडिया, अनंत मोहन सुनेरी, पीताम्बर चौधरी, मुलामचंद एड़े, रेवाप्रसाद जतेरे, महेश जानी, नरेशचंद्र झाड़े, तिलकचंद तुरकर, अशोक असाटी, पी बी लिल्हारे, दिलिप कुमार चौधरी, डा.रविन्द्र राहंगडाले, राजेश चौधरी, ओमकार पारधी, देवेन्द्र राहंगडाल, डा.सुरेश कटरे, किशोर राहंगडाले, डा.राजेन्द्र कटरे, मनोज भैरम, नाना युवराज बिसेन, नानी श्रीमति इन्दु बिसेन एवं सभी समाजसेवी, मित्रगणो एवं रिश्तेदारो ने बधाई एवं आशीर्वाद दिया है।

# इसरो के विक्रम-1 मिशन में बालाघाट के वैज्ञानिक डॉ. सौरभ पटले का योगदान..

## श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपण के दौरान टीम का रहे हिस्सा, जिले में खुशी की लहर



जगप्रेरणा बालाघाट।

*देश के अंतरिक्ष अभियान में बालाघाट जिले ने एक बार फिर गौरवपूर्ण उपस्थिति दर्ज कराई है। श्रीहरिकोटा से 18 जुलाई को किए गए विक्रम-1 यान के प्रक्षेपण में बालाघाट जिले के युवा वैज्ञानिक डॉ. सौरभ पटले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

प्रक्षेपण के दौरान वे मिशन टीम के साथ मौजूद रहे। प्रक्षेपण के समय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एवं उनकी टीम के साथ इसरो में कार्यरत बालाघाट के वैज्ञानिक डॉ. सौरभ पटले की मौजूदगी जिले के लिए गर्व का विषय बनी। देश के इस महत्वपूर्ण अंतरिक्ष मिशन में उनका योगदान बालाघाट ही नहीं, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए सम्मान और प्रेरणा का स्रोत माना जा रहा है। डॉ. सौरभ पटले की इस उपलब्धि से जिले के युवाओं में विज्ञान एवं अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति नई प्रेरणा का संचार हुआ है। उनके इस योगदान पर जिले के नागरिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। बालाघाट के इस प्रतिभाशाली वैज्ञानिक ने देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में अपनी सहभागिता से यह साबित किया है कि छोटे शहरों और ग्रामीण अंचलों से निकली प्रतिभाएं भी अपनी मेहनत और लगन के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं। डॉ. सौरभ पटले की सफलता बालाघाट जिले के लिए गौरव का क्षण है और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी।

दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल
ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियों ◆ ताड़पत्री
मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी
हैंडलूम हाउस
ग्रीन नेट | कारपेट्स | ताड़पत्री
डोरमेट्स | ब्लैंकेट्स | बेड शीट्स
उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान
9890696200
होम डिलीवरी की सुविधा
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा live जिला सिवनी

बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# मिशन स्कूल छपारा में पुलिस प्रशासन ने चलाया नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम जागरूकता अभियान..





**जगप्रेरणा छपारा।**

***मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल, छपारा में शनिवार को पुलिस प्रशासन द्वारा 'नशा मुक्ति एवं साइबर क्राइम जागरूकता अभियान'के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

कार्यक्रम में लखनादौन के एसडीओपी श्री अपूर्व भलावी, नगर निरीक्षक छपारा श्री खेमेंद्र कुमार जैतवार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओपी श्री अपूर्व भलावी एवं नगर निरीक्षक श्री खेमेंद्र कुमार जैतवार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा उन्हें नशे से दूर रहने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया और शपथ दिलाई गई, साथ ही उन्होंने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर प्रकाश डालते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने,तथा मोबाइल फ़ेन, इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम के प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार तथा वरिष्ठ शिक्षक श्री देवेन्द्र कुमार सोनी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे एवं साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया समाज में अवैध रूप से नशे का कारोबार करने वालों और विशेषकर नाबालिग बच्चों और युवा पीढ़ी को अवैध रूप से नशे की सामग्री बेचने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, क्योंकि देश की युवा पीढ़ी ही राष्ट्र का भविष्य है और उसका सुरक्षित एवं स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से नगर निरीक्षक श्री खेमेंद्र कुमार जैतवार को नागरिकों एवं युवा पीढ़ी के बीच ÷*नशा मुक्ति तथा जन-जागरूकता के क्षेत्र में÷* उनके उल्लेखनीय एवं समर्पित योगदान के लिए विद्यालय के डायरेक्टर श्री माइकल जॉन के करकमलों द्वारा प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिंदी माध्यम के प्राचार्य श्री संजय मसीह, पास्टर श्री समित कुमार, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने एसडीओपी श्री अपूर्व भलावी एवं नगर निरीक्षक श्री खेमेंद्र कुमार जैतवार से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों के हित में इस प्रकार के उपयोगी एवं जनहितकारी कार्यक्रम के आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। प्रबंधन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता, जिम्मेदारी एवं सकारात्मक सामाजिक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सभी के विचारों को गंभीरता से सुना तथा कार्यक्रम की सराहना की।

# नीट परीक्षा में 549 अंक लाकर नैंसी नामदेव ने बढ़ाया मान..





## कान्हीवाड़ा में नानी के घर हुआ भव्य स्वागत..

**जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।**

***देश की सबसे चुनौतीपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में से एक 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा' (NEET) में लखनादौन की होनहार छात्रा नैंसी नामदेव ने 549 अंक प्राप्त कर***

अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है इस उल्लेखनीय सफलता से नैंसी ने न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। नैंसी, लखनादौन निवासी अमित नामदेव एवं लक्ष्मी नामदेव की सुपुत्री तथा अनिल नामदेव की नातिन हैं। इस वर्ष की कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। सफलता की खबर मिलते ही परिवार और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही नैंसी नामदेव अपने नानी के घर कान्हीवाड़ा पहुंचीं, वहां उत्सव सा माहौल हो गया। नगर वासियों और परिजनों ने बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ नैंसी और उनके माता-पिता का भव्य स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने होनहार बेटी को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नानी श्रीमती निर्मला भारद्वाज, विशाल भारद्वाज, आरती भारद्वाज के साथ ग्राम के गणमान्य नागरिकों में इंद्र कुमार जंगेला, संतोष बंदेवार, आदिल खान, लादेन खान, चंद्रकांत साहू, अखिलेश, दीपक झरिया और अरुण ढोए सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नैंसी को आशीर्वाद देते हुए उनके डॉक्टर बनने के सपने और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आईटीआई छात्र को बंधक बनाकर मारपीट एवं वीडियो वायरल करने वाले गिरोह के 04 और आरोपी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त 02 स्कूटी, 01 मोटर सायकिल, रस्सी, पाइप एवं मोबाइल जप्त..

## कुल 09 आरोपी एवं 04 विधिविरुद्ध बालक न्यायिक हिरासत में, 01 आरोपी फरार..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए आईटीआई छात्र के साथ मारपीट के वीडियो के संबंध में थाना कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रकरण के 04 और फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

दिनांक 14/07/2026 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें कुछ युवक एक युवक को बंधक बनाकर उसके साथ सामूहिक रूप से मारपीट कर रहे थे। वीडियो में आरोपियों द्वारा गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी एवं पीड़ित के घावों पर मिर्ची-नमक लगाने की बात भी सामने आई थी।

वीडियो के आधार पर पीड़ित सोहेल खान निवासी भोमा, कान्हीवाड़ा की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 626/2026 धारा 140(3), 296 **(b)**, 115(2), 191(2), 191(3), 351(2), 126(2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी। प्रकरण में पूर्व में ईश्वर उर्फ अस्मित मानाठाकुर, मंजीत रैकवार, भूपेन्द्र उर्फ लकी विश्वकर्मा, जीतू उर्फअभय उइके, अभिषेक उइके को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा चुका है,एवं 04 विधिविरुद्ध बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा जा चुका है। विवेचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर शेष फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। दिनांक 18/07/2026 को थाना कोतवाली पुलिस ने प्रकरण के 04 अन्य फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## गिरफ्तार आरोपी..

रोहित पिता स्व. जहिन्दर मानाठाकुर, उम्र 36 वर्ष, निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी, आयुष उर्फ आदित्य पिता स्व. विशाल मानाठाकुर, उम्र 22 वर्ष, निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी, साहित्य उर्फ मोन्टू पिता स्व. रविन्द्र मानाठाकुर, उम्र 22 वर्ष, निवासी रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी, उत्तम पिता देवीसिंह सनोडिया, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम मरझोर, जिला सिवनी।

**जप्त संपत्ति-** आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 02 स्कूटी, 01 टीवीएस मोटर सायकिल, 01 नायलॉन की रस्सी, 01 पीवीसी पाइप एवं 02 मोबाइल फोन जप्त किए गए हैं। प्रकरण का 01 अन्य आरोपी संजय चंद्रवंशी अभी फरार है जिसकी तलाश एवं पतासाजी लगातार जारी है।

## सराहनीय भूमिका..

इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री सतीश तिवारी, उनि श्री सतेंद्र उपाध्याय, सउनि श्री जसवंत सिंह ठाकुर, प्र.आर. श्री मनोज पाल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक महोदय कृष्ण लालचंदानी ने कहा कि इस प्रकार की गुंडागर्दी एवं संगठित अपराध करने वालों के विरुद्ध सिवनी पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।


सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101


# बारिश ने खोली नई सड़क की पोल, जल भराव से दुकानों और घरों में घुसा पानी..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर मुंगवानी में रविवार को हुई तेज बारिश ने नवनिर्मित सड़क निर्माण की गुणवत्ता और जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी।***

सड़क पर पानी भरने से आसपास की कई दुकानों और मकानों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे व्यापारियों और रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।जलभराव के कारण आर.एस. कलेक्शन, आर.एस. ज्वेलर्स, राहुल किराना, बैस क्लॉथ स्टोर्स सहित अन्य दुकानों में पानी भर गया। कई दुकानों में रखा सामान भी भीग गया, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। घरों में भी पानी घुसने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। यही कारण है कि बारिश होते ही सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है और पानी आसपास की दुकानों व मकानों में घुस जाता है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित नालियों और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो हर बारिश में यही स्थिति बनी रहेगी।इस संबंध में जागरूक नागरिक नेमकुमार (गोलू) जैन, संजय सोनी, गोलू बैस, राहुल ठाकुर, अजय नामदेव, नीरज जैन सहित अन्य नागरिकों ने जिला कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों से स्थल का निरीक्षण कर जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में आमजन, व्यापारियों और रहवासियों को इस समस्या से राहत मिल सके।

# आज एक बार फिर नगर पालिका परिषद सिवनी में नियम विरुद्ध आहूत किया जा रहा परिषद का विशेष सम्मेलन : राजिक

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नगर पालिका परिषद सिवनी में एक बार फिर नियम विरुद्ध परिषद का विशेष सम्मेलन दिनांक 20/07/26 सोमवार 11 बजे आहूत किया जा रहा है जिसमें एक विषय लाया गया है लोक सेवा पदोन्नति नियम 2005 के अंतर्गत पदोन्नति हेतु रिक्त पदों पर जिला***

चयन समिति बैठक दिनांक 18 /07/26 की अनुशंसा के आधार पर निकाय में नियमित कर्मचारियों की रिक्त पद के विरुद्ध पदोन्नति किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय विशेष सम्मेलन नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 57 के अंतर तक अंतर्गत तब बुलाया जाता है जब एक तिहाई पार्षद बैठक बुलाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित में देते हैं मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा 15 दिन के अंदर तीन दिन पूर्व बैठक का एजेंडा जारी कर बैठक़ की सूचना पार्षदों को देते है विषय से संबंधित फाइलों का अवलोकन करने का समय दिया जाता है कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया नगर पालिका में नियम को ताक में रखकर नियम विरुद्ध बैठक कर रहे हैं।

राज़िक अकील पार्षद नगर पालिका द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि परिषद18/07/20 शनिवार कार्यालय अवकाश के दिन जिला चयन समिति की बैठक भी हो गई और उसी दिन रात को 10:00 बजे पार्षदों को एजेंडा जारी कर दिया गया अगले दिन इतवार है सोमवार को 11:00 बजे बैठक आहूत की गई कितने कर्मचारी की पदोन्नति होना है यह जानकारी भी नहीं दी गई मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी पूरी तरह से कार्यकारी अध्यक्ष के दबाव में काम कर रही हैं अनेक ऐसे कर्मचारी हैं जिनकी पदोन्नति होना है सिंडिकेट की शिकायत के बाद उन पर भ्रष्टाचार सिद्ध हो गया हैं कार्यकारी अध्यक्ष अब उन्ही कर्मचारी की पदोन्नति भी कराना चाहता है उन्हें विभाग द्वारा नोटिस भी जारी किया गया है भ्रष्टाचार के संबंध मे यदि परिषद उनकी पदोन्नति पर स्वीकृति दे देती है बैठक में तो पार्षद को आगे चलकर कोर्ट न्यायालय का सामना करना पड़ सकता है इस मामले में कर्मचारियों से लेनदेन हुआ है तभी पार्षदों को अंधेरे में रखकर जल्दबाजी में यह विषय पास कराने के चक्कर में कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया ने हैं भाजपा पार्षदों को भी विश्वास में नहीं लिया गया है पार्टी का डर बताकर पार्षदों से नियम विरोध विषयों को पास कराया जा रहा है कांग्रेस पार्षद द्वारा पिछली बैठक में भी जिला कलेक्टर मैडम को शिकायत दी गई थी कि साधारण सम्मेलन नियम विरुद्ध किया जा रहा है बैठक के एक दिन पूर्व एजेंडा दिया गया जिसमें 117 विषय थे उसमें भी पार्षदों को इन विषयों पर की फाइलों का अवलोकन करने का कोई मौका नहीं मिला था उसके बाद भी बैठक आयोजित की गई जिला कलेक्टर मैडम से निवेदन है कि यदि इनकी मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो सिवनी नगर पालिका भ्रष्टाचार के नई ऊंचाइयों को छूएगी।

# रफ़्तार का कहरः इनोवा कार को ट्रक ने मारी पीछे से टक्कर, एक की हुई मौत..

## आदेगांव से सिवनी जा रहे थे ट्रेन पकड़ने कार सवार, पोस्ट आफिस कर्मी युवक..



**जगप्रेरणा छपारा।**

***19 जुलाई को सुबह लगभग साढ़े सात बजे नगर से 6 किलोमीटर दूर ग्राम छपारा कलां और सादकसिवनी के बीच एन एच 44 फोरलेन सड़क पर पेट्रोल पंप के सामने आदेगांव***

से सिवनी हरियाणा जाने के लिए निकले रेल्वे स्टेशन तक छोड़ने जा रही एक इनोवा कार एक पीछे से आ रहे कंटेनर ट्रक ने टक्कर मारी दी जिससे कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कार में सवार कुल 5 युवकों में राहुल बुमवक पिता कुलदीप बुमवक (जाट) निवासी हिसार हरियाणा 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई वहीं अजय जाट सहित अन्य तीन कार में सवार घायलों को जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर किया गया जिन्हें छपारा 108 एंबुलेंस से पहुंचाया गया। वहीं कार सवार घायलों के साथियों ने बताया कि वह सब पोस्ट आफिस में पदस्थ कर्मी हैं और सिवनी रेल्वे स्टेशन पर 8 बजे वाली पाताल कोट ट्रेन के लिए जा रहे थे और यह अनहोनी घटना कारित हो गई।

वहीं उक्त दुर्घटना में शामिल कंटेनर ट्रक मौके से फरार हो गया पूरे मामले पर छपारा पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# 01 जून से अब तक जिले में 320.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

## 19 जुलाई को 13.0 मिमी औसत वर्षा, बरघाट में सर्वाधिक 46.2 मिमी बारिश..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले में मानसून की गतिविधियां लगातार जारी हैं। भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय द्वारा जारी दैनिक वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार 01 जून से 19 जुलाई 2026 तक जिले में 320.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। वहीं 19 जुलाई को जिले में 13.0 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई।

दैनिक प्रतिवेदन के अनुसार 19 जुलाई को बरघाट तहसील में सर्वाधिक 46.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त कुरई में 25.0 मिमी, छपारा में 15.0 मिमी, सिवनी में 11.6 मिमी तथा घंसौर में 6.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। वहीं केवलारी, लखनादौन और धनोरा तहसील में आज वर्षा शून्य (0.0 मिमी) रही। 01 जून से 19 जुलाई तक हुई संचयी वर्षा के अनुसार बरघाट में 449.7 मिमी, केवलारी में 379.0 मिमी, सिवनी में 377.0 मिमी, लखनादौन में 347.0 मिमी, कुरई में 294.0 मिमी, छपारा में 271.1 मिमी, धनोरा में 240.5 मिमी तथा घंसौर में 204.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक कुल 2564.0 मिमी वर्षा तथा 320.5 मिमी औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

पिछले वर्ष 19 जुलाई 2025 तक जिले में 607.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई थी। उस अवधि में सिवनी में 537.8 मिमी, कुरई में 297.0 मिमी, बरघाट में 392.3 मिमी, केवलारी में 771.2 मिमी, छपारा में 679.5 मिमी, लखनादौन में 529.3 मिमी, धनोरा में 645.4 मिमी तथा घंसौर में 1010.0 मिमी संचयी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।







विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बेटी से करता था दामाद मारपीट, इसलिये ससुर ने कर दी दामाद की हत्या..

### राजेन्द्र शरणागत हत्याकांड में वारासिवनी पुलिस ने 72 घंटे में सुलझाई हत्या की गुत्थी..

### आरोपी ससुर राजेश चौहान और उसके साथी प्रभुदयाल बिसेन को किया गिरफ्तार..



जगप्रेरणा बालाघाट/वारासिवनी।

***वारासिवनी पुलिस ने ग्राम कोपे और डोंगरिया के बीच जंगल में मिले युवक राजेन्द्र शरणागत उम्र 40 वर्ष के शव के मामले का मात्र 72 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों में मृतक के ससुर और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है,***

तथा इस बात की जानकारी पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा की उपस्थिति में पुलिस ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों को दी।

पुलिस ने बताया कि मृतक राजेन्द्र शरणागत की हत्या उसके ससुर ने अपने साथी के साथ मिलकर गमछे से गला घोंटकर की थी। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 14 जुलाई 2026 को पुराने पट टेकरा जंगल में डोंगरिया निवासी राजेन्द्र शरणागत का शव मिलने की सूचना प्राप्त होने पर थाना वारासिवनी पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक तथा फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की टीम के साथ घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों से यह स्पष्ट हुआ कि 13-14 जुलाई की दरमियानी रात राजेन्द्र शरणागत की गला घोंटकर हत्या की गई थी। इसके बाद थाना वारासिवनी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना तेज कर दी गई।

### दामाद करता था बेटी की पिटाई.. ससुर ने हत्या करना स्वीकारा..

गौरतलब है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल से मिले वैज्ञानिक साक्ष्यों, फोरेंसिक रिपोर्ट, तकनीकी जानकारी और मृतक के परिजनों व परिचितों से गहन पूछताछ की। जांच के दौरान मृतक के ससुर राजेश चौहान उर्फबाबा उम्र 62 वर्ष और उसके साथी प्रभुदयाल बिसेन 44 वर्ष पर संदेह गहराया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मृतक दामाद राजेन्द्र शरणागत शराब पीने का आदी था और नशे की हालत में अक्सर अपनी पत्नी एवं परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट करता था। शराब की लत के चलते वह अपनी कृषि भूमि भी बेच चुका था, जिससे परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान था। मृतक की पत्नी अपने साथ होने वाली प्रताडना की जानकारी अपने पिता राजेश चौहान को देती थी, जिससे वह लंबे समय से तनाव में था।

### पहले दामाद के साथ शराब पी फिर खत्म कर दिया दामाद को..

पुलिस ने बताया कि आरोपी की स्वीरोक्ति के अनुसारघटना वाले दिन 13 जुलाई को ससुर का सहयोगी प्रभुदयाल बिसेन मृतक को शराब पिलाने के बहाने एक ढाबे पर ले गया। वहां शराब पीने के बाद वह उसे कोपे और डोंगरिया के बीच जंगल में ले गया, जहां पहले से उसका ससुर राजेश चौहान मौजूद था। तीनों ने फिर शराब पी। इसी दौरान पैसों के लेन-देन और पत्नी के साथ मारपीट को लेकर मृतक और उसके ससुर के बीच विवाद हो गया। विवाद बढने पर दोनों आरोपियों ने गमछे से मृतक का गला कसकर उसकी हत्या कर दी।

### हत्या में प्रयुक्त सामान बरामद

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गमछा, दो मोटर साइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ससुर राजेश चौहान उर्फ बाबा निवासी जैरामटोला (मंगेझरी), थाना वारासिवनी और प्रभुदयाल बिसेन निवासी बीड़ी कॉलोनी, अमृतनगर, वारासिवनी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वारासिवनी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से महज 72 घंटे में अंधी हत्या की गुत्थी सुलझ गई। पुलिस ने वैज्ञानिक जांच, तकनीकी साक्ष्यों और सुनियोजित विवेचना के आधार पर मामले का सफल खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# किशोर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और नशा मुक्त अभियान को प्रभावी बनाने पर जोर..

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की संयुक्त समीक्षा बैठक की गई आयोजित..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के निर्देशन में शनिवार 18 जुलाई को आयुष विभाग, बालाघाट में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा***

करते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने तथा नशा मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला लेप्रोसी अधिकारी डॉ. रित्विक पटेल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजय तुरकर, आरकेएसके नोडल अधिकारी राजाराम चक्रवर्ती, डेंटल नोडल अधिकारी डॉ. सलुभा, आरबीएसके के मेडिकल ऑफिसर्स, अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी की प्रतिनिधि भूमेश्वरी गेडाम तथा जिले के सभी किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित उमंग स्वास्थ्य केंद्र (किशोर मित्र स्वास्थ्य केंद्र) की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने, गुणवत्तापूर्ण परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने, समय पर रिपोर्टिंग, रजिस्टर संधारण तथा किशोर-किशोरियों तक मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, एनीमिया, मासिक धर्म स्वच्छता, लैंगिक समानता, नशा मुक्ति और यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (ऋक्क्स्य) के अंतर्गत अप्रैल से जुलाई 2026 तक की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान आंगनवाड़ी एवं विद्यालयों में स्वास्थ्य स्क्रीनिंग, रेफरल, उपचार, फॉलोअप, सर्जरी, माइक्रोप्लान, दैनिक भ्रमण रिपोर्ट तथा सभी रजिस्टरों की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को बच्चों में जन्मजात दोष, बीमारियों, पोषण संबंधी कमियों एवं विकासात्मक विलंब की समय पर पहचान कर उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

डेंटल नोडल अधिकारी ने नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए तंबाकू, गुटखा, धूम्रपान एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर जनजागरूकता अभियान, शपथ कार्यक्रम, परामर्श सत्र तथा आईईसी गतिविधियों का नियमित संचालन कर किशोरों को नशे से दूर रखने के लिए समन्वित प्रयास करने पर बल दिया। बैठक में अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी ने भी जिले में संचालित किशोर स्वास्थ्य एवं नशा मुक्त अभियान की गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक किशोरों तक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के अंत में सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि सभी अभिलेख एवं रजिस्टर अद्यतन रखें, समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें तथा बच्चों और किशोरों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ नशा मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए समन्वित प्रयास करें।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*

# जिले में 19 जुलाई तक 386 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

### वारासिवनी तहसील में सबसे अधिक 533 मिलीमीटर और बिरसा तहसील में सबसे कम 224 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड

जगप्रेरणा बालाघाट।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 19 जुलाई 2026 तक कुल 386 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 627 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी।***

जिले की औसत सामान्यी वर्षा 1447 मिलीमीटर है और इसमें से 557 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 19 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए।

कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान बालाघाट तहसील में 09 मिमी, वारासिवनी में 11 मिमी, बैहर में 02 मिमी, लांजी में 03 मिमी, कटंगी में 39 मिमी, किरनापुर में 02 मिमी, खैरलांजी में 14 मिमी, लालबर्रा में 05 मिमी, बिरसा में 02 मिमी, परसवाड़ा में 03 मिमी एवं तिरोड़ी तहसील में 18 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

चालू वर्ष में 01 जून से 19 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 533 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 224 मिलीमीटर वर्षा बिरसा तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 497 मिलीमीटर, बैहर में 451 मिलीमीटर, लांजी में 342 मिलीमीटर, कटंगी में 369 मिलीमीटर, किरनापुर में 509 मिलीमीटर, खैरलांजी में 234 मिलीमीटर, लालबर्रा में 366 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 313 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 412 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 803 मिलीमीटर, वारासिवनी में 1000 मिलीमीटर, बैहर में 764 मिलीमीटर, लांजी में 338 मिलीमीटर, कटंगी में 626 मिलीमीटर, किरनापुर में 567 मिलीमीटर, खैरलांजी में 275 मिलीमीटर, लालबर्रा में 732 मिलीमीटर, बिरसा में 440 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 733 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 613 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# तेज बरसते पानी मे भी हजारो भक्तो के सैलाब ने अपनी आस्था और विश्वास का दिखाया नजारा..

### पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने जगन्नाथ रथ यात्रा मे शामिल होकर क्षेत्रवासीयो को दी बधाई










जगप्रेरणा वारासिवनी।

***धर्म और आस्था की नगरी वारासिवनी में आज एक नया इतिहास रच गया। नगर में दुसरी बार आयोजित हुई महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का ऐसा त्रिवेणी संगम देखने को मिला कि तेज बरसात भी भक्तों के कदमों को डिगा नहीं सकी।***

श्रीरामलला समिति और इस्कॉन मंदिर बालाघाट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस भव्य रथयात्रा में हजारों भक्तों ने महाप्रभु जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा के दिव्य विग्रहों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

रथयात्रा की शुरूवात से ही पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण महाप्रभु के रथ की रस्सी खींचकर धर्म लाभ लेते हुये नजर आये। पुरी यात्रा के दौरान भक्तो मे रथ को खीचनें की होड सी देखी गयी।

इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र के तमाम दिग्गज जनप्रतिनिधि एक साथ रथ यात्रा में नजर आए। रथयात्रा में मुख्य रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल, विधायक विवेक पटेल, पूर्व विधायक डॉ. योगेंद्र निर्मल, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, मिलिंद नगपुरे, मोनू लिमजे सहित अनेक पार्षदगण और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने महाप्रभु के रथ की रस्सी खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया और कहा कि ओडिशा के पुरी की तर्ज पर वारासिवनी में यह अलौकिक दृश्य देखना जीवन को धन्य करने वाला है।

इस अवसर पर गुडडा भैया ने प्रतिक्रिया मे कहा की यह पर्व हमारी सनातन आस्था और लोककल्याण की भावना का प्रतिक है। महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्रजी, और माता सुभद्रा जी ऋपा से सभी क्षेत्रवासीयो के जीवन मे सुख,शांति और स्वास्थ्य की प्राप्ति अवश्य होंगीं।

नगर के श्रीकृष्ण मंदिर में पूर्ण वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना, विशेष अनुष्ठान और महाआरती के बाद रथयात्रा का शुभारंभ हुआ। महाप्रभु का रथ जैसे ही नगर भ्रमण पर निकला, सड़कों के दोनों ओर भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। यह भव्य रथयात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी, जिसमें प्रमुख रूप से श्रीकृष्ण मंदिर (प्रारंभ स्थल),गोलीबारी चैक,आंबेडकर चैक,नेहरू चैक,जय स्तंभ चैक,दीनदयाल चैक का नाम शामिल है।

यात्रा के दौरान इस्कॉन मंदिर बालाघाट से आए संकीर्तन मंडल ने समां बांध दिया। हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे... के महामंत्र पर झूमते-नाचते भक्तों से पूरा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और आध्यात्मिक हो उठा।यात्रा मार्ग में जगह-जगह महाप्रभु का स्वागत किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आलुपोहा प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं, पंचमुखी मंदिर के सामने विक्की एड़े और उनकी टीम द्वारा रथ पर सवार भगवान के भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई। जिससे पूरा मार्ग जय जगन्नाथ के जयकारों से गूंज उठा।

रथयात्रा का समापन प्राचीन श्रीराम मंदिर में हुआ, जहां भगवान की भव्य महाआरती की गई। इसके पश्चात समिति द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद (प्रसादी) ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। नगरवासियों के अनुसार, वारासिवनी की यह दुसरी रथयात्रा अब हर वर्ष मनाए जाने वाली एक गौरवशाली परंपरा का रूप लेने जा रही है।

श्रीऋष्ण मंदिर से नगर भ्रमण के लिये निकली रथयात्रा को सफल बनाने मे श्रीरामलला सेवा समिति व इस्कान गुप बालाघाट की टीम मे सर्वश्री संजय सिंह कछवाहा, डा रविन्द्र ताथोड, राकेश सोनी, दीपक आडे, संजय रूसिया, विनय सुराना,भैयू अग्रवाल, प्रदीप शरणागत, सुनील बंटी पारधी, डीलेन्द्र देशमुख, केतन जैन, कैलाश कसार, बलराम पारधी, जगदीश नेमा, विजय पटेल, पूनम झा,मनीषा जैसवाल आदि का योगदान देखा गया।

# कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा, किसानों को वितरित किए गए कोदो व देशी काली पोपट के बीज..

### धान के विकल्प के रूप में मोटे अनाज एवं दलहनी फसलों की खेती अपनाने के लिए कृषि विभाग का अभियान







जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में कम वर्षा की संभावना को देखते हुए कृषि विभाग किसानों को धान के स्थान पर कम पानी में तैयार होने वाली फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।***

इसी अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा किसानों को कोदो एवं देशी काली पोपट के बीज वितरित किए जा रहे हैं उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि 18 जुलाई को बिरसा विकासखंड के ग्राम सालेवारा के किसान छन्नूलाल बिलसरे को कोदो बीज का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि कोदो एवं कुटकी जैसी मोटे अनाज की फसलें कम पानी में अच्छी पैदावार देती हैं और किसानों के लिए लाभकारी विकल्प साबित हो रही हैं।

इसी क्रम में 19 जुलाई को किसानों को खेतों की मेड़ों पर बोवाई के लिए देशी काली पोपट के बीज वितरित किए गए। श्री मालवीय ने बताया कि देशी प्रजाति की काली पोपट एक उत्कृष्ट दलहनी फसल है, जो कम लागत और कम देखरेख में अच्छा उत्पादन देती है। यह फसल स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक गुणों से भरपूर है और मानव स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभदायक मानी जाती है।

उन्होंने बताया कि बालाघाट जिले में देशी काली पोपट की विशेष मांग है तथा इसके दानों का उपयोग स्वादिष्ट सब्जी के रूप में किया जाता है। कृषि विभाग किसानों को इस फसल की खेती अपनाने के लिए लगातार प्रेरित कर रहा है, ताकि कम पानी की स्थिति में भी किसानों को बेहतर उत्पादन और आय प्राप्त हो सके।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा में आउटसोर्स पर महिला स्टाफनर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

जगप्रेरणा बालाघाट।

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, उकवा में आउटसोर्स के माध्यम से महिला स्टाफनर्स के पद पर भर्ती के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, अभ्यर्थी के पशस मान्यता प्राप्त संस्थान से बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग अथवा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग की डिग्री होना आवश्यक है।**

साथ ही स्टेट नर्सिंग काउंसिल में नर्स एवं नर्स मिडवाइफ(ऋह/ऋरू) के रूप में पंजीयन तथा 50 बिस्तर वाले अस्पताल में 30 माह का कार्यानुभव अनिवार्य होगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपना बायोडाटा 24 जुलाई 2026 तक विद्यालय की ई-मेल आईडी **emrsukwaguest@gmail.com** पर भेज सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया से संबंधित साक्षात्कार की तिथि, समय एवं अन्य आवश्यक जानकारी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **www.emr-sukwabalaghat.in** पर उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यालय प्रबंधन ने पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433*

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## नगालैंड में भारी बारिश से तबाही
# भूस्खलन के कारण 8 की मौत, 12 घायल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*देश के उत्तर पूर्वी राज्यों में भारी बारिश के कारण जमकर तबाही हो रही है। नागालैंड के मोन जिले में कई स्थानों पर हुए भीषण भूस्खलन के कारण कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और बारह अन्य घायल हो गए।*



मोन जिले के उप आयुक्त वेनयेई कोन्याक ने बताया कि अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं और चार अन्य अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।÷ उन्होंने बताया कि मोन जिले में लगातार भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में आठ लोगों की मौत हो गई है। मोन कस्बा और तिजित सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र हैं। भारी बारिश लगभग रात एक बजे शुरू हुई और हमें भूस्खलन की सूचना सुबह 6-7 बजे के आसपास मिली। एसडीआरएफ, पुलिस, असम राइफल्स, एनडीआरएफ की टीमें और स्थानीय लोग खोज और बचाव अभियान में लगे हुए हैं। अब तक मलबे से तीन महिलाओं और एक पुरुष सहित 4 शव बरामद किए हैं। 12 अन्य घायल हुए हैं। कई स्थानों पर खोज और बचाव अभियान जारी है। भूस्खलन की घटनाओं में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

### भूस्खलन पर दुख जताया..

भाजपा के नागालैंड राज्य अध्यक्ष बेंजामिन येप्थोमी ने मोन जिले में हुए दुखद भूस्खलन पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस घटना में कई लोगों की जान चली गई और मोकोकचुंग जिले के तुली क्षेत्र में हुए भूस्खलन से कई परिवारों को भारी पीड़ा झेलनी पड़ी। येप्थोमी ने एक बयान में कहा, 'मोन जिले में हुए भूस्खलन से कई अनमोल जानें चली गई और मोकोकचुंग जिले के तुली क्षेत्र में हुए भूस्खलन से कई परिवारों को भारी पीड़ा हुई है, मैं बहुत दुखी हूं।'

### मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई..

अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'इस कठिन समय में मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उन्हें इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति, सांत्वना और साहस प्रदान करें। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी प्रार्थना करता हूं और इस विनाशकारी आपदा से प्रभावित सभी लोगों के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति व्यक्त करता हूं।'

### रेस्क्यू टीम की सराहना की..

बीजेपी के स्टेट प्रेसिडेंट ने राहत कार्यों में लगे कर्मियों के प्रयासों की भी सराहना करते हुए कहा, 'मैं बचाव दल, जिला प्रशासन, सुरक्षा कर्मियों, चिकित्सा पेशेवरों, स्वयंसेवकों और राहत एवं बचाव कार्यों में लगे सभी लोगों के अथक प्रयासों की तहे दिल से प्रशंसा करता हूं। संकट की इस घड़ी में उनका अटूट समर्पण और निस्वार्थ सेवा वास्तव में सराहनीय है।' उन्होंने कहा, 'दिवंगत आत्माओं को शाश्वत शांति मिले और इस त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को इससे उबरने के लिए शक्ति, धैर्य और आशा मिले। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं।'

# सफदरजंग अस्पताल में ही होगा सोनम वांगचुक का इलाज, पत्नी से मिलने की अनुमति, दिल्ली हाईकोर्ट ने मांगी स्टेटस रिपोर्ट..

डेस्क जगप्रेरणा।

*सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से प्राइवेट हास्पिटल मेदांता में शिफ्ट करने की मांग फिलहाल दिल्ली हाईकोर्ट ने मंजूर करने से इनकार कर दिया है।*



कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सोनम वांगचुक का इलाज फिलहाल सफदरजंग अस्पताल में ही जारी रहेगा। वहीं सोनम वांगचुक के परिजनों को उनसे मिलने की इजाजत दी गई है। कोर्ट ने उनके परिजनों के लिए सफदरजंग अस्पताल में अलग रेस्ट रूम देने का निर्देश दिया है। वहीं कोर्ट ने केंद्र सरकार, दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए तीन दिन के भीतर इस मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी।

### गीतांजलि एंग्मो को नहीं मिली अंतरिम राहत..

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि सोनम वांगचुक के हेल्थ कंडीशन को देखते हुए अस्पताल में भर्ती कराने का फैसला पूरी तरह कानून के दायरे में लिया गया था। कोर्ट ने इस मामले में कोई अंतरिम आदेश पारित करने से भी मना कर दिया। वहीं सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि एंग्मो की ओर से प्राइवेट अस्पताल मेदांता में शिफ्ट करने की मांग पर भी फिलहाल कोई अंतरिम राहत नहीं दी गई। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद फ़िलहाल सोनम वांगचुक का इलाज सफदरजंग अस्पताल में ही जारी रहेगा।

### हर जीवन अनमोल है-हाईकोर्ट..

हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हर जीवन अनमोल है और मरीज की देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता है। कोर्ट ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (ृस्त्र) और डॉक्टरों की उस दलील का भी संज्ञान लिया, जिसमें बताया गया कि सोनम वांगचुक की पत्नी और उनके भाई को 24 घंटे उनके साथ रहने की अनुमति दी गई है। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड से साफहै कि वांगचुक के परिवार को अस्पताल में अलग कमरा भी दिया गया है, जिससे वे उनके साथ समय बिता पा रहे हैं। इसके अलावा अदालत ने निर्देश दिया कि सोनम वांगचुक की पत्नी और उनके साथ मौजूद अन्य लोगों को अस्पताल में अलग रेस्ट रूम की सुविधा दी जाए तथा उन्हें वांगचुक से मिलने का पूरा एक्सेस सुनिश्चित किया जाए। अब इस मामले की अगली सुनवाई केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों की स्टेटस रिपोर्ट आने के बाद 24 जुलाई को होगी।

### प्राइवेट अस्पताल में इलाज की मांगी थी इजाजत..

सोनम की पत्नी कहना था कि उनका सफदरजंग अस्पताल पर भरोसा नहीं रह गया है और वह वांगचुक की तबीयत और बिगड़ने से पहले उन्हें अपनी पसंद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराना चाहती हैं।

उन्होंने हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में कहा कि बार-बार अनुरोध करने के बावजूद सफदरजंग अस्पताल प्रशासन ने उन्हें 'केवल चुनिंदा जानकारी ही उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि वांगचुक को किसी अन्य अस्पताल में ले जाने की अनुमति नहीं दिए जाने के कारण उनके स्वास्थ्य का स्वतंत्र रूप से सत्यापन नहीं हो पा रहा है। अपने पति के स्वास्थ्य को लेकर गहरी चिंता जताई थी और कहा था कि जब वांगचुक को प्रदर्शन स्थल से हटाया गया था, तब उनके सभी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानक स्थिर थे। इसके बावजूद उनके इलाज की प्रक्रिया गुप्त और पूरी तरह अपारदर्शी तरीके से अपनाई गई, जिससे वह व्यथित हैं।

### शनिवार को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया..

वांगचुक **NEET** परीक्षा में कथित अनियमितताओं के विरोध में जंतर-मंतर पर जारी प्रदर्शन का समर्थन करते हुए 28 जून को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे थे। इस बीच शनिवार को उनकी भूख हड़ताल के 21वें दिन दिल्ली पुलिस उन्हें जबरन जंतर-मंतर से उठाकर सफ्दरजंग अस्पताल ले गई और एडमिट करा दिया। वांगचुक को जबरन सफ्दरजंग अस्पताल में भर्ती कराने का जंतर-मंतर पर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने विरोध किया।

# नागपुर में ट्रेन की चपेट में आने से 6 हिरणों की मौत, मुंबई-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर हुआ हादसा..

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

डेस्क जगप्रेरणा।

*नागपुर के कन्हान में एक हादसे में मुंबई-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से 6 हिरनों की मौत हो गई। घटना कन्हान रेलवे स्टेशन के तुकारामनगर क्षेत्र में हुई। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।*



अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया। बताया जा रहा है कि हिरणों का झुंड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से 6 हिरणों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत हिरणों में पांच मादा और एक नर का शव बरामद किया गया है। वन विभाग की टीम ने मृत हिरणों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### तुकाराम नगर इलाके में हुआ हादसा..

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार तड़के नागपुर जिले में मुंबई-हावड़ा मेन लाइन पर कन्हान रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से छह हिरणों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि यह हादसा यहां से लगभग 30 किलोमीटर दूर तुकाराम नगर इलाके में सुबह 4 बजे से 5 बजे के बीच हुआ।

हादसा तब हुआ जब हिरणों का एक झुंड रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। इसी दौरान कुछ जंगली जानवर तेज रफ़्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। कन्हान पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि इस टक्कर में पांच मादा और एक नर हिरण की मौत हो गई।

### छह हिरणों की मौत..

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने थोड़ी देर बाद रेलवे ट्रैक पर मृत अवस्था में हिरणों को देखा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस और वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद वन विभाग के अधिकारियों ने 'पंचनामा' (मौके का निरीक्षण) किया और शवों को अपने कब्ज़े में ले लिया।

### एमपी में 13 काले हिरण और कुत्ते का शव बरामद..

ऐसी ही एक अन्य घटना मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले से भी सामने आई है। यहां कुछ दिन पहले एक कुएं में एक आवारा कुत्ता और 13 काले हिरण मृत अवस्था में मिले। डीएफओ हेमलता शाह ने बताया कि कालापीपल तहसील के खरदौन कलां गांव में कुएं से दुर्गंध आने के बाद देखा गया तो जानवर मृत अवस्था में पड़े हुए थे। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। टीम ने कुएं से 13 काले हिरण (चार नर और नौ मादा) तथा एक कुत्ते को बाहर निकाला।

# लंगर का खाना खाने से 100 से ज्यादा लोग बीमार, दो अस्पतालों में चल रहा इलाज..

डेस्क जगप्रेरणा।

*राजस्थान के झालावाड़ में लंगर का खाना खाने से 100 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना भवानीमण्डी इलाके की है।*



यहां ईदगाह में आयोजित मोहर्रम के लंगर में खाना खाने से मुस्लिम समाज के 100 से ज्यादा महिला-पुरुष बीमार हो गए। इन्हें उपचार के लिए उपजिला अस्पताल और एक निजी अस्पताल लाया गया। जहां सभी का उपचार जारी है।

भवानीमंडी तहसीलदार अब्दुल हफीज ने बताया सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तो पाया कि भवानीमंडी नगर के ईदगाह में रविवार को मोहर्रम के लंगर का आयोजन किया गया था। इसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने दाल-मांडे एवं सेवइयों के जर्दे का भोजन किया था। भोजन खाने के करीब दो तीन घंटे बाद महिला एवं पुरुषों को उल्टी-दस्त एवं पेट दर्द की शिकायत होने लगी।

### उपजिला अस्पताल में चल रहा इलाज..

परिजन बीमार अवस्था में सभी को उपजिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉ. रामसिंह एवं डॉ. दीपिका नागर ने प्राथमिक उपचार कर भर्ती कर लिया। वहीं नगर के एक निजी अस्पताल में भी बीमारों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। सूचना मिलने पर ब्लाक सीएमएचओ विकास जैन ने भी अस्पतालों में पहुंचकर बीमार मरीजों की कुशलक्षेम पूछी एवं हर संभव बेहतर चिकित्सा सेवा मुहैया कराने की बात कही।

### कैसे हुई घटना?

रविवार को भवानीमंडी के ईदगाह में मोहर्रम के लंगर का आयोजन किया गया था। लंगर में बड़ी संख्या में लोगों ने दाल-मांडे और सेवइयों का जर्दा खाया। भोजन करने के करीब दो से तीन घंटे बाद करीब 100 महिला-पुरुषों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। परिजन आनन-फानन में सभी को उपजिला अस्पताल और नगर के निजी अस्पतालों में लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल में डॉक्टरों की टीम सक्रिय हो गई। ब्लॉक सीएमएचओ डॉ. विकास जैन ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति का जायजा लिया और उपचार व्यवस्था की निगरानी की। वहीं कार्यवाहक थाना प्रभारी रेवतीरमण भी पुलिस जाब्ते के साथ अस्पताल पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई।

### भोजन का सैंपल सुरक्षित..

स्वास्थ्य विभाग ने लंगर में परोसे गए भोजन के नमूने जांच के लिए सुरक्षित कर लिए हैं। प्रारंभिक आशंका है कि सेवइयों के जर्दे में इस्तेमाल किए गए मावे की गुणवत्ता खराब होने से फूड पॉइजनिंग की स्थिति बनी हो सकती है। हालांकि बीमारी के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल अस्पतालों में भर्ती सभी मरीजों का उपचार जारी है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

राहत की बात यह है कि किसी भी मरीज की हालत गंभीर नहीं बताई जा रही है। मोहर्रम के लंगर के बाद एक साथ करीब 100 लोगों के बीमार पड़ने की घटना ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट कर दिया है। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि आखिर इतने बड़े स्तर पर लोगों की तबीयत बिगड़ने की वजह क्या रही।

## 38 साल पहले आपस में बदल गए थे 2 बच्चे, राज खुला तो अस्पताल पर कर दिया मुकदमा; पढ़ें इसकी दिलचस्प कहानी..



अमेरिका में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है। दरअसल, 38 साल पहले पैदा होने के समय दो बच्चे आपस में बदल दिए गए थे। अब **DNA** टेस्ट से इसका पता चलने पर बड़े हो चुके इन दोनों पुरुषों ने अस्पताल पर केस कर दिया है। दोनों के परिवार अब नॉर्थ डकोटा के एक हॉस्पिटल पर आरोप लगा रहे हैं कि अस्पताल ने उनसे वह जिंदगी छीन ली जो उनके नसीब में थी।

### DNA टेस्ट से खुला अदला-बदली का राज..

दरअसल, काइल बाइलिन को अपनी असली फैमिली के बारे में तब पता चला जब उन्होंने क्रिसमस पर गिफ्ट्स की अदला-बदली के दौरान रैंडमली चुने गए **At Home Test** यानी घर पर किए जाने वाले एक टेस्ट को किया। इससे काइल बाइलिन को वंशावली से जुड़ी एक वेबसाइट पर अपनी सगी बुआ के बारे में मालूम हुआ। इसके बाद, काइल बाइलिन की बुआ के भतीजे जेरेमी मॉरिसन ने भी अपना **DNA** टेस्ट करवाया। इसके नतीजे साफ और पक्के थे। टेस्ट के बाद मैं हैरान हो गया। कभी सोचा ही नहीं था कि असल में जन्म के वक्त मेरी किसी और बच्चे के साथ अदला-बदली हुई होगीः काइल बायलिन

### मॉरिसन से मिलती है काइल बाइलिन के भाई की शक्ल..

जेरेमी मॉरिसन ने कहा कि उन्हें इसका यकीन तब और हो गया जब उन्होंने काइल बाइलिन के भाई की फोटो देखी और पाया कि उनकी अपनी शक्ल बाइलिन के भाई से खूब मिलती है। पिछले सप्ताह स्टेट कोर्ट में दायर केस के मुताबिक, मॉरिसन और बाइलिन का जन्म 26 जनवरी, 1988 को नॉर्थ डकोटा के ग्राफ्टन में यूनिटी मेडिकल सेंटर में हुआ था। वहीं से वे दोनों गलत माता-पिता के साथ घर चले गए।

### स्टाफ की लापरवाही मानने को तैयार नहीं अस्पताल..

हॉस्पिटल की तरफसे दिए गए एक बयान में कहा गया है कि इसका कोई सबूत नहीं है कि इस अदला-बदली के लिए स्टाफ जिम्मेदार था। लेकिन काइल बाइलिन, जिनका जन्म जेरेमी मॉरिसन के रूप में हुआ था, का कहना है कि उनके पास अब भी हॉस्पिटल का वह ब्रेसलेट है जिसमें उनकी पहचान गलती से काइल बाइलिन के रूप में की गई थी।

समझने का प्रयास कर रहे हैं कि असल में हुआ क्या था, लेकिन ऐसा कोई साक्ष्य नहीं मिला है जिससे यह साबित हो पाए कि बच्चों को बदलने वाली इस गलती के लिए उसका स्टाफ जिम्मेदार थाः यूनिटी मेडिकल सेंटर

### काइल अब भी मेरा बेटा लेकिन अब मैं 1988 में नहीं जा सकता..

हालांकि, अब मुश्किल ये है कि हॉस्पिटल के रिकॉर्ड अब मौजूद नहीं हैं। काइल को अपना बेटा समझकर पालने वाली एवलिन न्यूटन ने कहा, 'काइल आज भी मेरा बेटा है, यह बात कभी बदलने वाली नहीं है। लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि मुझसे वह जिंदगी खो गई जो मुझे अपने असली बेटे के साथ जीनी चाहिए थी। अस्पताल में हुई गड़बड़ी का एक चौंकाने वाला मामला अमेरिका के फिनिक्स शहर से भी सामने आया था जब 10 साल से कोमा में पड़ी महिला ने बच्चे को जन्म दिया था। इसके बाद, अस्पताल के पुरुष कर्मचारियों का **DNA** टेस्ट कराने की बात कही थी।

# नागपुर में एक रात में लूट की तीन वारदात, ऑटोरिक्शा चालक की हत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*नागपुर में गोरेवाडा-पितेसुर मार्ग पर एक गिरोह ने बहुत ही कम समय में लूट की तीन वारदातों को अंजाम दिया, जिसमें एक ऑटोरिक्शा चालक की मौत हो गई*



और खाद्य वितरण कंपनी का एक कर्मचारी चाकू लगने से घायल हो गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ये घटनाएं शनिवार देर रात हुई। उन्होंने कहा, 'मोमिनपुरा निवासी मोहम्मद काशिद मोहम्मद रफीक (35) गोरेवाडा में एक कैटरिंग दल (खानपान व्यवस्था करने संबंधी कर्मियों) को लेकर अपने ऑटोरिक्शा से लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12:30 बजे गिरोह ने एक मंदिर के पास उनका वाहन रोक लिया और उनपर हमला कर दिया। काशिद पर चाकू से हमला किया गया, जिसके बाद मेयो अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।' अधिकारी ने बताया कि काशिद को बचाने की कोशिश में कैटरिंग कर्मी कमलेश जडिया गंभीर रूप से घायल हो गया।

उन्होंने कहा, 'इससे पहले इसी गिरोह ने एक लूटपाट के दौरान चुंगी नाका के पास खाद्य वितरण कर्मचारी निखिल चौधरी पर चाकू से हमला किया था। इसके बाद गिट्टीखदान इलाके में एक अन्य युवक के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन छीन लिया था। पुलिस के कई दलों ने रातभर चले अभियान में सातों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।'अधिकारी ने बताया कि हत्या, लूट और अन्य अपराधों से संबंधित अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

# डकेट की शतकीय पारी से इंग्लैंड ने भारत को जीत के लिए दिया 388 रन का लक्ष्य...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बेन डकेट की 141 रन की शानदार पारी और जैकब बेथेल के साथ पहले विकेट के लिए 192 रन की साझेदारी के बूते इंग्लैंड ने रविवार को निर्णायक तीसरे एकदिवसीय मैच में तीन विकेट पर 387 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। तीन मैचों की यह श्रृंखला 1-1 की बराबरी पर है। शतकवीर डकेट ने अनुभवहीन भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की जमकर धुनाई की और मैच पर पूरी तरह इंग्लैंड की पकड़ मजबूत कर दी।***

भारत को मैच से पहले ही बड़ा झटका लगा, जब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बाएं घुटने में लगी चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति भारतीय टीम को भारी पड़ी और इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसका पूरा फायदा उठाया। इस मैच में खेल रहे भारत के चार तेज गेंदबाजों प्रसिद्ध कृष्णा (10 ओवर में 69 रन देकर दो विकेट), अर्शदीप सिंह (10 ओवर में 72 रन), प्रिंस यादव (10 ओवर में 79 रन देकर एक विकेट) और गुरनूर बराड़ (10 ओवर में 97 रन) के संयुक्त खाते में महज 51 एकदिवसीय मैचों का अनुभव था। अनुभव और धार की कमी के कारण वे शानदार लय में बल्लेबाजी कर रही इंग्लैंड की टीम पर दबाव बनाने में नाकाम रहे।

डकेट और बेथेल (93 गेंदों में 91 रन) ने अपनी योजना और शानदार बल्लेबाजी से भारतीय गेंदबाजों को पूरी तरह बेअसर कर दिया। शुरुआती 10 ओवर के पावरप्ले में इंग्लैंड ने 58 रन बनाए, लेकिन 11वें से 30वें ओवर के बीच दोनों बल्लेबाजों ने भारतीय गेंदबाजों की जमकर खबर ली और तेजी से रन बटोरे। दोनों की 192 रन की साझेदारी भारत के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए इंग्लैंड की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी बन गयी। डकेट ने इसके साथ ही ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर वनडे की सबसे बड़ी पारी के दिग्गज विवियन रिचर्ड्स (इंग्लैंड के खिलाफ 1979 में नाबाद 138 रन) के 47 साल पुराने रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

भारत को अक्षर पटेल (10 ओवर में 61 रन) के अलावा दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर की कमी खली, ऐसे में कुलदीप यादव को मौका नहीं देने पर सवाल उठ रहे हैं।

डकेट ने अपनी शानदार पारी में 18 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि शुरुआत में अधिक सहज दिख रहे बेथेल ने 11 चौके और एक छक्का जड़ा। वह हालांकि प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर बाउंड्री के पास रोहित शर्मा को कैच देकर शतक से चूक गए।

इसके बाद शानदार लय में चल रहे जो रूट ने 48 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए। यह इस श्रृंखला में उनका लगातार तीसरा अर्धशतक था, जिसकी मदद से इंग्लैंड का स्कोर 350 के पार पहुंचा। अंत में जोस बटलर ने भी सिर्फ13 गेंदों में नाबाद 41 रन की विस्फोटक पारी खेली। गुरनूर बराड़ के लिए यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का कठिन अनुभव साबित हुआ और उन्होंने अपने 10 ओवर में लगभग 100 रन लुटा दिए।

पारी की शुरुआत में युवा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को लॉर्ड्स के प्रसिद्ध ढलान (स्लोप) पर अपनी लेंथ नियंत्रित करने में दिक्कत हुई। बेथेल ने उनकी गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर से छक्का लगाया और फिर मिडविकेट और मिड-ऑन के बीच शानदार चौका भी जड़ा। लंबे समय बाद इस प्रारूप में वापसी कर रहे अर्शदीप सिंह भी अपनी लाइन पर नियंत्रण नहीं रख सके, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने कई बार बेथेल को परेशान किया, लेकिन बीच-बीच में ढीली गेंदें भी फेंकीं, जिनका बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया।

बेथेल ने केवल 51 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और इंग्लैंड ने 16वें ओवर में ही 100 रन पूरे कर लिए। तब तक भारतीय गेंदबाज 15 चौके खा चुके थे और उनकी लाइन-लेंथ इतनी खराब रही कि दोनों सलामी बल्लेबाज आसानी से लय में आ गए। पूरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने 42 चौके और छह छक्के खाए।

# कार्तिक आर्यन को मिला पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड, खुशी से चीखे एक्टर, परिवार के साथ मनाया जीत का जश्न..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन अब एक नई उपलब्धि को लेकर चर्चा में हैं। शनिवार, 18 जुलाई 2026 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 2024 की बेहतरीन फिल्मों के लिए 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स का ऐलान किया।***





नई दिल्ली के नेशनल मीडिया सेंटर में विजेताओं के नाम की आधिकारिक घोषणा की, जिसमें कार्तिक आर्यन को 2024 की फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला। कार्तिक ये अवॉर्ड ममूटी के साथ साझा करेंगे, जिन्हें 'ब्रमायुगम' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है। अब कार्तिक आर्यन ने इस जीत पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एक वीडियो साझा किया है, जिसमें उन्हें अपने परिवार के साथ इस बड़ी जीत का जश्न मनाते देखा जा सकता है।

## कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' के लिए मिला बेस्ट एक्टर का नेशनल फिल्म अवॉर्ड..

कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' फिल्म में अपने शानदार अभिनय के लिए 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स में 'बेस्ट एक्टर' का अवॉर्ड मिला है। इस फिल्म में उन्होंने भारत के पहले पैरालंपिक गोल्ड मेडलिस्ट मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाया है, जिसके लिए उन्हें काफी फिजिकल और मेंटल ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ा था। अवॉर्ड मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया दिखाते हुए एक वीडियो में कार्तिक आर्यन को रोते, मुस्कुराते और अपने परिवार के साथ जश्न मनाते देखा जा सकता है। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए एक्टर ने बताया कि वह लंबे समय से इस अवॉर्ड का सपना देख रहे थे।

## कार्तिक आर्यन ने शेयर किया वीडियो..

कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह लैपटॉप पर नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा की लाइव स्ट्रीमिंग देख रहे थे। इस दौरान जैसे ही कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' में उनकी परफॉर्मेंस के लिए बेस्ट एक्टर का ऐलान किया गया, वह भावुक हो गए। जैसे ही उनके नाम का ऐलान होता है वह स्क्रीन की ओर इशारा करते हैं और फिर अपने करीबियों के साथ इस पल का जश्न मनाते हैं।

## कार्तिक आर्यन का पोस्ट..

वीडियो शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा, 'अभी भी इस एहसास को महसूस कर रहा हूं। कुछ पल शब्दों से कहीं बड़े होते हैं, और यह उनमें से ही एक है। बरसों से देखा मेरा सपना आखिरकार सच हो गया है। हमेशा विनम्र और आभारी रहूंगा। बेस्ट एक्टर नेशनल अवॉर्ड - चंदू चैंपियन।'

## साजिद नाडियाडवाला ने कार्तिक आर्यन को दी बधाई..

कार्तिक आर्यन को साजिद नाडियाडवाला ने भी इस जीत की बधाई दी है। उन्होंने बैनर के सोशल मीडिया हैंडल पर लिखाः 'फिल्म 'चंदू चैंपियन' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड जीतने पर कार्तिक आर्यन को बहुत-बहुत बधाई।

इस फिल्म के लिए कार्तिक को उनका पहला नेशनल अवॉर्ड जीतते हुए देखना 'नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट' के सभी सदस्यों के लिए बेहद खुशी और गर्व का पल है। कार्तिक ने स्क्रीन पर जो किया, वह किसी जादू से कम नहीं था। हमने उन्हें चंदू चैंपियन में मिस्टर मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाने के लिए अपना सब कुछ झोंकते हुए देखा है।

उन्होंने जो फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन, डेडिकेशन दिखाया, वह वाकई असाधारण था। कबीर खान का बहुत-बहुत धन्यवाद जिन्होंने इतनी शिद्दत से इस खूबसूरत कहानी का निर्देशन किया। उन सभी का धन्यवाद जिन्होंने हमारी फिल्म को पसंद किया और हमारे चैंपियन का साथ दिया। यह सम्मान हम सभी के लिए बहुत खास है। एक चैंपियन का जन्म हुआ। एक चैंपियन का किरदार निभाया गया। और अब पूरा देश हमारे चैंपियन का जश्न मना रहा है!'

## कार्तिक आर्यन का वर्क फ्रंट..

कार्तिक आर्यन के वर्क फ्रंट की बात करें तो, पिछली बार वह 'भूल भुलैया 3' में नजर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई की **Sacnilk** के अनुसार, इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 260.11 करोड़ रुपये (नेट) और दुनिया भर में 400.35 करोड़ रुपये की कमाई की। वहीं कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वह 'नागजिला' में नजर आएंगे। इसके अलावा कार्तिक आर्यन 'कैप्टन इंडिया' में भी नजर आएंगे, जो 2027 में रिलीज होगी। पिछले दिनों ही फिल्म से कार्तिक का लुक जारी किया गया था, जिसमें वह सिर पर टोपी और यूनिफॉर्म पहने नजर आए थे।

# भारतीय हॉकी टीमें पहली युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप से विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश करेंगी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम सोमवार को मस्कट में पहली एफआईएच युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप में अपना अभियान शुरू करेंगी तो उनका लक्ष्य पहले एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप में जगह पक्की करना होगा।***



छह दिन तक चलने वाला यह टूर्नामेंट पहले एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के तौर पर काम करेगा। सरदार सिंह की कोचिंग वाली भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट में उतर रही है। टीम ने फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर अंडर-18 एशिया कप का खिताब जीता था। इस टीम में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के खिलाड़ी शामिल हैं और टीम को मेजबान ओमान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ एलीट पूल में रखा गया है।

सरदार सिंह ने एक बयान में कहा, ''खिलाड़ियों ने अंडर-18 एशिया कप में शानदार प्रदर्शन करके यह मौका हासिल किया है और खिताब जीतने से मिला आत्मविश्वास निश्चित रूप से हमारी मदद करेगा। हालांकि हॉकी फाइव्स एक अनोखा प्रारूप है जिसमें तेजी से फैसले लेने बहुत अधिक तीव्रता और हालात के हिसाब से ढलने की जरूरत होती है।'

उन्होंने कहा, 'लड़कों ने इन चुनौतियों के लिए अच्छी तैयारी की है और हमारा ध्यान अपनी योजनाओं को लागू करने, लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और पहली एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने पर होगा। हम एशिया की कुछ बेहतरीन युवा टीमों के खिलाफ खेलने और गर्व के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्साहित हैं।'

रानी रामपाल की कोचिंग वाली भारतीय सब जूनियर महिला टीम में वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक जीता था। टीम को चीन, कजाखस्तान और उज्बेकिस्तान के साथ एलीट पूल में रखा गया है। एलीट पूल डबल राउंड रोबिन प्रारूप के आधार पर खेल जाएगा जिसमें हर टीम दूसरी टीम के खिलाफ दो बार खेलेगी।

लीग चरण के आखिर में शीर्ष दो टीम सीधे स्वर्ण पदक के मुकाबले में पहुंचेंगी जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम सीधे कांस्य पदक के मैच के लिए क्वालीफाई करेगी। चौथे स्थान पर रहने वाली टीम क्वालीफिकेशन मैच में चैलेंजर पूल की शीर्ष टीम का सामना करेगी और जीतने वाली टीम कांस्य पदक के मैच में आगे बढ़ेगी।

भारत का अभियान सोमवार को शुरू होगा जिसमें महिला टीम कजाखस्तान का सामना करेगी और उसके बाद शाम को पुरुष टीम बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद पुरुष टीम मंगलवार को ओमान और पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी और फिर 23 और 24 जुलाई को इन्हीं टीमों के खिलाफ दोबारा खेलेगी।

वहीं महिला टीम मंगलवार को चीन और उज्बेकिस्तान का सामना करेगी और फिर 23 जुलाई को कजाखस्तान से दोबारा खेलेगी और उसके बाद 24 जुलाई को चीन और उज्बेकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। क्लासीफिकेशन मैच 25 जुलाई को होने हैं। रानी ने कहा, 'यह टूर्नामेंट हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए महाद्वीपीय स्तर पर अपना हुनर दिखाने का एक शानदार मौका है। टीम को अंडर-18 एशिया कप से बहुत अच्छा अनुभव मिला है और हमने तेज रफ्तार वाले हॉकी फाइव्स प्रारूप के हिसाब से ढलने के लिए कड़ी मेहनत की है।'

उन्होंने आगे कहा, 'खिलाड़ी प्रेरित हैं, सीखने के लिए उत्सुक हैं और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ हैं। हमारा मकसद निडर होकर हॉकी खेलना, अपना विकास जारी रखना और देश का मान बढ़ाते हुए पहली बार होने वाले एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है।'

# 'रामायण' के दिल्ली इवेंट में 'रावण' यश की हिंदी बोलने की नाकाम कोशिश, सुनकर रकुल प्रीत की छूटी हंसी, मुस्कुरा उठे नितेश तिवारी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण' इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में से एक है। 24 जुलाई को इस मेगा बजट फिल्म का ट्रेलर रिलीज होगा, लेकिन इससे पहले शनिवार 18 जुलाई 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'रामायण' का 'प्रथम संकल्प' इवेंट आयोजित किया गया,***



जिसमें कुछ खास लोगों को फिल्म का ऑफिशियल ट्रेलर दिखाया गया। रामायण के प्रथम संकल्प इवेंट में फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा और डायरेक्टर नितेश तिवारी के साथ फिल्म के सभी कलाकारों और अन्य कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी, रकुल प्रीत सिंह और सनी देओल भी इस इवेंट में शामिल हुए। इस दौरान यश ने 'रामायण' में रावण की भूमिका निभा रहे कन्नड़ सुपरस्टार यश हिंदी में बात करने की कोशिश करते भी दिखे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## यश की टूटी-फूटी हिंदी..

नई दिल्ली के भारत मंडपम में रामायण के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट में यश ने अपनी स्पीच के दौरान हिंदी में बात करने की कोशिश की, लेकिन इसमें वह फेल हो गए। निर्माता नमित मल्होत्रा को 'रामायण' में रावण की महत्वपूर्ण भूमिका में कास्ट करने के लिए धन्यवाद देते हुए यश गलती से 'अवसर' की जगह 'अवकाश' शब्द का इस्तेमाल कर बैठे, जिसे सुनकर रकुल प्रीत सिंह की हंसी छूट गई और खुद नमित मल्होत्रा और फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी भी हंस पड़े।

## क्या बोले यश?

अपनी स्पीच के दौरान यश ने 'रामायण' को अपने करियर की सबसे बड़ी फिल्म बताया और फिल्म में रावण की भूमिका निभाने का मौका देने और उन पर भरोसा करने के लिए निर्माता नमित मल्होत्रा को धन्यवाद कहा। यश ने कहा कि इस फिल्म में काम करते हुए उन्हें अपनी हिंदी पर काम करने का भी मौका मिला।

उन्होंने कहा- 'मैं इस शानदार प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। यहां सभी हिंदी में बात कर रहे हैं तो मैं भी हिंदी में ही बात करने की कोशिश करूंगा। इस मुकाम तक आने के लिए मैं नमित मल्होत्रा को श्रेय देना चाहूंगा। उन्होंने मुझे ये किरदार निभाने का जो अवकाश दिया, उसके लिए उन्हें धन्यवाद कहता हूं। हिंदी सीखने का भी मौका मिला, उसके लिए भी धन्यवाद।'

## रकुल की छूटी हंसी..

जैसे ही यश अपनी स्पीच में 'अवसर' की जगह 'अवकाश' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, रकुल प्रीत सिंह सहित सभी की हंसी छूट जाती है। दूसरी तरफ अपनी स्पीच में 'रामयाण' के बारे में बात करते हुए यश ने बताया कि उनके लिए इस फिल्म में काम करना कितना खास है। उन्होंने कहा- 'हम सभी का एकमात्र मकसद प्रभु श्रीराम की कहानी को ग्लोबल स्टेज तक पहुंचाना और उनका सम्मान करना है। हम सब एक सोच और पक्के इरादे के साथ एकजुट हुए हैं, इसीलिए सभी ने अपने निजी हितों को एक तरफरखा है।' इवेंट में यश ने को-स्टार रणबीर कपूर की भी जमकर तारीफकी।

## 24 जुलाई को रिलीज होगा ट्रेलर..

बता दें, 'रामायण' का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनियाभर में रिलीज होगा। पिछले दिनों ही मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर लॉन्च को लेकर आधिकारिक ऐलान किया था। इससे पहले फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए मेकर्स ने ये बताया था कि इस फिल्म को कितने बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है, लेकिन साथ ही इसकी कहानी

और अन्य डिटेल्स के बारे में अब तक मेकर्स ने ज्यादा खुलासा नहीं किया है, जिसके चलते दर्शकों के बीच इसे लेकर बज बना हुआ है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि ट्रेलर में फिल्म की दुनिया, किरदार और महाकाव्य की शानदार झलक देखने को मिलेगी।

# स्जोक्स और सिंड्रेला के दम पर डेम्पो गोवा ने पुणे को हराया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***रोमानिया की दिग्गज टेबल टेनिस खिलाड़ी बर्नाडेट स्जोक्स और भारत की युवा सनसनी सिंड्रेला दास के शानदार प्रदर्शन से डेम्पो गोवा चैलेंजर्स ने रविवार को अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सातवें सत्र***



में पीबीजी पुणे जैगुआर्स को रोमांचक मुकाबले में 8-7 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ गोवा की टीम ने लीग में अपना अजेय अभियान जारी रखा। मुकाबले में गोवा की टीम को पुणे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। पुणे ने उमर अस्सार और स्नेहित सुरावज्जुला के शानदार प्रदर्शन के दम पर दो बार वापसी की। उमर अस्सार ने अभिनंध पीबी को हराया, जबकि स्नेहित ने अल्वारो रोबल्स को मात देकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया। निर्णायक मुकाबले में हालांकि सिंड्रेला दास ने दबाव में बेहतरीन खेल दिखाते हुए दिया चिताले को हराकर गोवा की जीत पक्की कर दी। गोवा की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उमर अस्सार ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अभिनंध पीबी को हराया और उन्हें इस सत्र में पहली एकल हार झेलने पर मजबूर किया। इसके बाद स्जोक्स ने बेहतरीन लय में खेलते हुए प्रिथिका पावड़े को सीधे तीन गेम में हराकर गोवा को मुकाबले में वापस ला दिया। मिश्रित युगल में अनिर्बान घोष और दिया चिताले ने जीत दर्ज कर पुणे को फिर से मुकाबले में बनाए रखा। सुरावज्जुला ने शुरुआती पिछड़ने के बाद रोबल्स को तीन गेम के कड़े मुकाबले में हरा दिया। इस जीत से पुणे जैगुआर्स ने मुकाबले में रोमांच बनाए रखा और फैसला अंतिम मैच पर आ गया।

दबाव भरे इस अहम मुकाबले में युवा खिलाड़ी सिंड्रेला दास ने शानदार धैर्य और आत्मविश्वास का परिचय दिया। उन्होंने पहला गेम अपने नाम किया, लेकिन दिया चिताले ने वापसी करते हुए मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। हालांकि, सिंड्रेला ने अंतिम गेम में संयम बनाए रखते हुए 11-8 से जीत दर्ज की। उनकी जीत ने गोवा चैलेंजर्स की जीत भी सुनिश्चित कर दी। इस सफलता के साथ गोवा ने टूर्नामेंट में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा।

# खुद पर विश्वास कभी नहीं कम नहीं हुआ, सफर अभी बाकी हैः सिंधू..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को कहा कि उन्होंने कभी खुद पर विश्वास करना नहीं छोड़ा था और जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीतने से उन्हें यह भरोसा फिर मिला है कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी बाकी है।***

सिंधू ने जापान की अकाने यामागुची को सीधे गेमों में हराकर दो साल बाद अपना पहला बड़ा खिताब जीता। इस जीत के साथ वह जापान ओपन का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी भी बन गईं। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) द्वारा आयोजित ऑनलाइन बातचीत में सिंधू ने कहा, 'यह जीत काफी लंबे समय से प्रतीक्षित और बेहद जरूरी थी। यह निश्चित रूप से मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने वाली जीत है। इससे मुझे आगे और बेहतर करने का भरोसा मिला है।' उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास हुआ है कि हां, मैं यह कर सकती हूं और अभी सफर खत्म नहीं हुआ है।

आगामी विश्व चैंपियनशिप से पहले यह जीत पाकर मैं बहुत खुश हूं।' उन्होंने आलोचनाओं और अपने प्रदर्शन को लेकर उठे सवालों पर कहा, 'कई तरह की बातें सुनने को मिलती हैं, लेकिन उनका जवाब देने से ज्यादा मैं यह कहना चाहूंगी कि मुझे खुद पर विश्वास है। हां, काफी समय हो गया था और मेरे लिए यह खिताब बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है।'

सिंधू ने स्वीकार किया कि पिछले करीब दो वर्षों का दौर उनके लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहा, जिसमें उन्हें छोटी-छोटी चोटों और परेशानियों से भी जूझना पड़ा। उन्होंने कहा, 'यह काफी कठिन सफर रहा, क्योंकि मुझे कुछ छोटी चोटों और परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक खिलाड़ी के जीवन में चोट लगना स्वाभाविक है। यह खेल का हिस्सा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात है कि मजबूत वापसी की जाए। इसमें मुझे कुछ समय लगा।' उन्होंने कहा, 'कभी छोटी चोट लगी, फिर मैंने वापसी की, उसके बाद दोबारा चोट से जूझना पड़ा। इसके बाद अपनी पुरानी लय हासिल करना आसान नहीं था।' सिंधू ने अपनी सफलता का श्रेय अपने सहयोगी स्टाफ और कोच देते हुए कहा, 'मेरे सहयोगी स्टाफ और मेरे कोच ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की। मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह कर सकी, जीत हासिल कर सकी और उन्हें यह सफलता समर्पित कर सकी।'

लेख, लघु कथा,
कविताएं एवं साहित्य
सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
संपादकीय | लेख | कविता | व्यंग्य | महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा
में साहित्य लेख
रचनाएं प्रकाशन के
लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## अमेरिक़ी जलवायु अनुसंधान संस्था क्लाइमेट सेंटर रिपोर्ट 2026 –क्या जलवायु परिवर्तन हमारी नींद चुरा रहा है? –बढ़ती गर्म रातें, घटती गहरी नींद और मानव स्वास्थ्य पर मंडराता वैश्विक संकट –अब जलवायु परिवर्तन का नया पैमाना होगी हमारी नींद? –समग्र व्यापक विश्लेषण

वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन पर अधिकांश चर्चा बाढ़,सूखा,समुद्र-स्तर वृद्धि और भीषण हीटवेव तक सीमित रही है।किंतु अब वैज्ञानिकों ने एक ऐसे प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया है,जो प्रत्यक्ष रूप से हर व्यक्ति के जीवन,स्वास्थ्य, उत्पादकता और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। वह है नींद का नुकसान (स्लीप लॉस)। अमेरिका की जलवायु अनुसंधान संस्था क्लाइमेट सेंटर द्वारा 2020 से 2025 के बीच विश्व के 1,300 से अधिक शहरों (लगभग 1,338 शहरों) पर किए गए विश्लेषण में पाया गया कि बढ़ते रात्रिकालीन तापमान के कारण एक औसत व्यक्ति वैश्विक स्तरपर प्रति वर्ष लगभग 56 घंटे की नींद खो रहा है। भारत के कई बड़े शहरों में यह नुकसान 65 से 93 घंटे प्रति वर्ष तक पहुँच गया है।अध्ययन में यह भी बताया गया कि इस तापमान- जनित नींद हानि का कम से कम लगभग 10 प्रतिशत भाग सीधे मानव-जनित जलवायु परिवर्तन से जुड़ा है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र अधिवक्ता होने के नाते यह कहना चाहूंगा कि यहाँ एक महत्वपूर्ण तथ्य समझना आवश्यक है क़ि यह मूल दावा काफी हद तक सही है,लेकिन इसमें एक छोटा-सा स्पष्टीकरण आवश्यक है। अध्ययन यह नहीं कहता कि पूरे भारत का प्रत्येक नागरिक 65-93 घंटे की नींद खो रहा है,बल्कि यह आँकड़ा भारत के कई बड़े शहरों के लिए है। उदाहरण के तौर पर चेन्नई में लगभग 93 घंटे, मुंबई में लगभग 84 घंटे और कोलकाता में लगभग 80 घंटे वार्षिक नींद हानि का अनुमान लगाया गया। वैश्विक औसत लगभग 56 घंटे प्रतिवर्ष बताया गया।

साथियों, भारत जैसे उष्ण कटिबंधीय देश में समस्या इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि यहाँ गर्मी अब केवल दिन तक सीमित नहीं रहती।पहले सूर्यास्त के बाद तापमान में पर्याप्त गिरावट आ जाती थी, जिससे शरीर को ठंडा होने और गहरी नींद (डीप स्लीप) में जाने का अवसर मिलता था। अब महानगरों में कंक्रीट, डामर, वाहनों की गर्मी और हरित क्षेत्र में कमी के कारण अर्बन हीट आइलैंड इफ़ेक्ट विकसित हो गया है।परिणाम स्वरूप रात का तापमान भी ऊँचा बना रहता है और शरीर अपनी प्राकृतिक ताप- नियंत्रण प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाता।यही कारण है कि भारत के अनेक शहरों में लोग यह अनुभव कर रहे हैं कि रात में भी बेचैनी बनी रहती है और नींद सटीकता से बार-बार टूटती है।

साथियों,चिकित्सकीय दृष्टि से देखा जाए तो गहरी नींद मानव शरीर की प्राकृतिक मरम्मत प्रक्रिया है। इसी अवस्था में मस्तिष्क दिनभर की सूचनाओं को व्यवस्थित करता है,स्मरण शक्ति मजबूत होती है,प्रतिरक्षा तंत्र सक्रिय होता है,हार्मोन संतुलित होते हैं तथा हृदय एवं रक्त वाहिनियों को विश्राम मिलता है। यदि लगातार गहरी नींद कम हो जाए तो सबसे पहले मानसिक थकान, चिड़चिड़ापन निर्णय क्षमता में कमी और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई दिखाई देती है। इसके बाद धीरे-धीरे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग, स्ट्रोक, अवसाद, चिंता तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

साथियों, वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि शरीर को सोने के लिए अपने आंतरिक तापमान को थोड़ा कम करना पड़ता है। यदि रात का वातावरण अधिक गर्म हो, तो यह प्राकृतिक प्रक्रिया बाधित होती है। व्यक्ति को नींद आने में अधिक समय लगता है,रात में कई बार जागना पड़ता है और सबसे महत्वपूर्ण,गहरी नींद का समय घट जाता है। यही कारण है कि सुबह उठने के बाद भी व्यक्ति स्वयं को थका हुआ महसूस करता है।इसका प्रभाव केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। नींद की कमी सीधे अर्थव्यवस्था पर भी असर डालती है।पर्याप्त नींद न मिलने से कर्मचारियों की कार्यक्षमता घटती है, औद्योगिक दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ता है, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता प्रभावित होती है और स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। जब किसी देश की बड़ी आबादी लगातार कम गुणवत्ता वाली नींद लेने लगे तो उसका प्रभाव राष्ट्रीय उत्पादकता और आर्थिक विकास पर भी दिखाई देता है।

साथियों, भारत में यह चुनौती इसलिए भी अधिक जटिल है क्योंकि यहाँ तेज़ी से शहरीकरण हो रहा है। कंक्रीट के जंगल, कम होते पेड़, एयर कंडीशनरों से निकलने वाली गर्म हवा, घनी आबादी और सीमित खुले स्थान शहरों को दिन और रात दोनों समय अधिक गर्म बनाए रखते हैं। गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवार, जिनके पास पर्याप्त शीतलन व्यवस्था नहीं होती, इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं।हाल के वर्षों में भारत के अनेक क्षेत्रों में यह भी देखा गया है कि गर्म रातों के दौरान अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण, उच्च रक्तचाप और हृदय संबंधी मामलों में वृद्धि होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रात के समय शरीर को पर्याप्त ठंडक और आराम न मिले तो दिनभर की गर्मी से उत्पन्न तनाव समाप्त नहीं हो पाता, जिससे स्वास्थ्य जोखिम सटीकता से कई गुना बढ़ जाते हैं।

साथियों, मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव भी अत्यंत गंभीर है। लगातार नींद की कमी व्यक्ति में अवसाद, चिंता तनाव,भावनात्मक अस्थिरता तथा निर्णय क्षमता में गिरावट ला सकती है। कई अध्ययनों ने संकेत दिया है कि जलवायु परिवर्तन और अत्यधिक गर्मी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ा सकती है जिसमें विशेषकर उन समुदायों में जो पहले से सामाजिक या आर्थिक दबावों का सामना कर रहे हैं।

इस चुनौती से निपटने के लिए केवल एयर कंडीशनर ही समाधान नहीं हैं। वैज्ञानिक शहरों में हरित क्षेत्र बढ़ाने,छतों पर परावर्तक (कूलरूफ़) तकनीक अपनाने,वर्षा जल संरक्षण, बेहतर वेंटिलेशन वाले भवन, शहरी वृक्षारोपण, ऊर्जा- कुशल निर्माण सामग्री और हीट एक्शन प्लान को अधिक प्रभावी बनाने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही नागरिकों को भी रात में कमरे का तापमान कम रखने, पर्याप्त पानी पीने, सोने से पहले भारी भोजन और कैफीन से बचने तथा नियमित नींद का समय बनाए रखने जैसी आदतें सटीकता से अपनानी चाहिए।

साथियों, जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न नींद का संकट सभी आयु वर्गों को समान रूप से प्रभावित नहीं करता। बच्चे, किशोर,गर्भवती महिलाएँ, बुजुर्ग और पहले से हृदय मधुमेह या श्वसन संबंधी रोगों से पीड़ित लोग सबसे अधिक जोखिम में हैं। बच्चों में गहरी नींद मस्तिष्क के विकास, सीखने की क्षमता, स्मरण शक्ति तथा शारीरिक वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक होती है। यदि लगातार गर्म रातों के कारण उनकी नींद बाधित होती है तो पढ़ाई, व्यवहार, एकाग्रता और मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। युवाओं में नींद की कमी अवसाद, चिंता,डिजिटल लत, कार्यक्षमता में गिरावट और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ाती है।वहींबुजुर्गों में पहले से ही नींद हल्की होती है,इसलिए अत्यधिक गर्म रातें उनके लिए उच्च रक्तचाप, हृदयाघात और स्ट्रोक का खतरा और अधिक बढ़ा देती हैं। इस प्रकार जलवायु परिवर्तन का यह प्रभाव केवल पर्यावरणीय नहीं बल्कि पीढ़ियों के भविष्य और सार्वजनिक स्वास्थ्य से सटीकता से जुड़ा हुआ विषय बन गया है।

साथियों,भारत के महानगरों तथा तेजी से विकसित हो रहे मध्यम शहरों में कंक्रीट,डामर की सड़कों,ऊँची इमारतों वाहनों तथा एयर कंडीशनरों से निकलने वाली गर्म हवा के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। शहर दिनभर सूर्य की ऊष्मा को अपने भीतर संचित कर लेते हैं और रात के समय धीरे-धीरे उसे छोड़ते रहते हैं। परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरों का रात्रिकालीन तापमान कई डिग्री अधिक बना रहता है। यही कारण है कि लोगों को देर रात तक बेचैनी महसूस होती है, बार-बार नींद खुलती है और सुबह उठने पर भी थकान बनी रहती है।

यदि शहरी नियोजन में हरित क्षेत्र, जलाशय, खुली भूमि, वृक्षारोपण तथा 'कूल रूफ' जैसी तकनीकों को प्राथमिकता नहीं दी गई तो आने वाले वर्षों में यह समस्या और गंभीर हो सकती है। हमें ध्यान देना होगा जलवायु परिवर्तन और अर्थव्यवस्था का अदृश्य संबंध नींद की कमी केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का विषय नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ी चुनौती है। पर्याप्त नींद न मिलने से कर्मचारियों की उत्पादकता घटती है, निर्णय लेने की क्षमता कमजोर होती है, औद्योगिक दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ती है तथा स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है। विश्व स्तर पर यदि करोड़ों लोग हर वर्ष दर्जनों घंटे कीगुणवत्तापूर्ण नींद खो रहे हैं तो उसका प्रभाव सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), श्रम उत्पादकता, स्वास्थ्य बजट और सामाजिक कल्याण पर भी दिखाई देगा। इसलिए विशेषज्ञ अब जलवायु परिवर्तन को केवल पर्यावरण का नहीं बल्कि आर्थिक विकास, मानव पूंजी और राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता का भी मुद्दा मान रहे हैं।

भारत के लिए समय की माँग सटीकता से राष्ट्रीय स्लीप हेल्थ मिशन हैं। साथियों, भारत ने हीट एक्शन प्लान, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम और जलवायु परिवर्तन से संबंधित अनेक योजनाएँ शुरू की हैं, किंतु अब आवश्यकता इस बात की है कि 'स्लीप हेल्थ' को भी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाया जाए। राष्ट्रीय स्तर पर नींद संबंधी

जागरूकता अभियान, स्कूलों और कॉलेजों में स्वस्थ नींद की शिक्षा, अस्पतालों में स्लीप क्लीनिकों का विस्तार, शहरों में रात्रिकालीन तापमान की निगरानी तथा वैज्ञानिक शहरी नियोजन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। यदि आज इस दिशा में समन्वित प्रयास किए जाते हैं तो भविष्य में करोड़ों लोगों को मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बचाया जा सकता है। जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध हरित विकास की नीति वास्तव में स्वस्थ और सुकूनभरी नींद की भी नीति है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करे इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि अब जलवायु परिवर्तन का नया पैमाना होगी हमारी नींद अब यह स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं रहा। यह मानव स्वास्थ्य,मानसिक संतुलन, उत्पादकता शिक्षा, अर्थव्यवस्था और जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा वैश्विक मुद्दा बन चुका है।

यदि बढ़ती गर्म रातों को नियंत्रित करने के लिए वैश्विक और स्थानीय स्तर पर प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में नींद का संकट भी जलवायु परिवर्तन की सबसे बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हो सकता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध उठाया गया प्रत्येक कदम केवल पृथ्वी को बचाने का प्रयास नहीं होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की स्वस्थ, गहरी और सुकूनभरी नींद की रक्षा का भी संकल्प होगा।

रचनाकार

एडव्होकेट किशन
भावनानी गोंदिया

## अब आषाढ़ को बरसने दो..

आषाढ़ की इस बारिश से,
प्रकृति के कण-कण को भींगने दो।
धरा की साज है हरियाली,
अब आषाढ़ को बरसने दो।।

छेड़ेंगे तान मधुर सरिता व झरने,
कल-कल छल-छल बहने दो।
गुंजेगी कर्ण मधुर स्वर रागिनी,
अब आषाढ़ को बरसने दो।।

शोभेगी प्रकृति में हसीन वादियां,
मन में प्रसन्नता के झूले झूलने दो।
नई रागिनी अब अवतरण होगी,
अब आषाढ़ को बरसने दो।।

विविध अन्न बीज कृषक रोपगें,
उन्नति के चौतरफा गीत गुंजने दो।।
होगी प्रकृति मनोहारी प्रतीत,
अब आषाढ़ को बरसने दो।।

लेखक

प्रकृति अनुरागी
बीउपवंशी

## कब तक अत्याचार करोगे..

कब तक अत्याचार करोगे,
युवाओं पर तुम वार करोगे।

दादागिरी अपनों पे करते हो,
क्या ऐसे हमसे प्यार करोगे।

तोड़ दी आज तुमनें सारी हदें,
बताओं कैसे नय्या पार करोगे।

तन के हर हिस्से में तीर लगा,
घावों का ऐसे उपचार करोगे।

कहते हो देश का रखवाला हूँ,
सच कहा तो तड़ीपार करोगे।

जान फूंकने वाला बन के तुम,
क्या प्राणों का व्यापार करोगे।

क्या क्या सपनें दिखा डाले थे ?
और अब उन्हें तार-तार करोगे।

कोई नहीं है तेरा सब कहते हैं,
पर दौलत को ही यार करोगे।

झूठ झूठ कह कर ही तुम तो,
बस अंधभक्त ही तैयार करोगे।

अनिल कसेर
'उजाला'

## बड़ा महत्व है..

दोस्ती में यार का बड़ा महत्व है
रिश्तो में प्यार का बड़ा महत्व है

नारी में श्रृंगार का बड़ा महत्व है
घर में परिवार का बड़ा महत्व है

औजार में धार का बड़ा महत्व है
युद्ध मे वार का बड़ा महत्व है

शादी में उपहार का बड़ा महत्व है
गाड़ियों में कार का बड़ा महत्व है

तराजू में भार का बड़ा महत्व है
बिजली में तार का बड़ा महत्व है

फ़िल्म में सार का बड़ा महत्व है
खाने में अचार का बड़ा महत्व है

लेखक

किशोर छिपेश्वर
'सागर', बालाघाट

## प्यार की सौगात..

मेरा गुलाब फूल करो स्विकार।
मैं कर रहा हूँ प्यार का इजहार।

कई दिनों से मन में थी तमन्ना।
स्विकार कर लो मत करना मना।

तेरी हर शर्त है मंजूर मुझको।
क्या मेरा प्यार स्विकार है तुझको।

बारीश का महिना मौसम सुहाना है।
अब तुझे हमेशा मेरे संग ही रहना है।

जवाब दो क्या मैं तुम्हे स्विकार हूँ।
जवाब सुनने मैं बहुत बेकरार हूँ।

इस सुहाने मौसम मे मन पर नही काबू।
जल्दी बोलो मेरा दिल हो रहा है बेकाबू।

ऑखों में ऑखे डालकर सच बोलो।
तुम्हारी मधुर आवाज मेरे कानों में घोलो।

मैं कब से कर रहा था तुम्हारा इंतजार।
अब दिल पर नही काबू हो रहा बेकरार।

मैं भी तुम्हारे प्यार की दिवानी हूँ।
लेकिन जवाब देने मैं नही सयानी हूँ।


मेरे माता पिता जो कहेंगे वही मान्य होगा।
गलत मत समझो लेकिन यही उचित होगा।

ठीक है मैं तुम्हारे पिता से करूँगा मुलाकात।
मुझे यकिन है वे देगें हमें प्यार की सौगात।

रचनाकार

चिरंजीव बिसेन
'सिपी' गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 222



Åij I। ulpi !& 1) अखबार, टीवी या अन्य स्तोत्रोंद्वारा लोगों को जानकारी या सूचना के तरफ आकर्षित करने का कार्य 2) मृत्यू लोक 3) रक्षक, बचानेवाला 4) रामायण के नायक 5) खलबली, हलचल 7) समय, काल 8) मृतदेह 9) प्रतिज्ञा, इकरार 10) दरवाजा, दहलीज 11) भीषण कांड, दुर्घटना 12) निग्रह, दबाने या रोकने की क्रिया 14) मेघ, जल देनेवाला 15) केश पाश, बालों का गुच्छा 17) फाल्गुन महीने में होनेवाला रंगों का उत्सव 20) अमेरिका के एक भूतपूर्व राष्ट्राध्यक्ष 22) दर्जा, आबरु, लज्जा 23) अपने स्थान से सरकना, हटना 29) हर एक को उसका हिस्सा दे देना, बांटना 30) दिलीप कुमार और अनिल कपूर की एक फिल्म 32) निषध देश का राजा जो दमयंती का पति था 33) मां, उत्पन्न करनेवाली 35) दगा करनेवाला 36) बिजली गिरने का शब्द, गर्जन 37) शक, संदेह 39) अंग्रेजी जमाने में सायमन कमिशन हटाव आन्दोलन के नेता 41) विशेष प्रकार का गीत, अभिनेत्री रंजिता की एक फिल्म का नाम 42) सहारा, आश्रय 43) वास्तव में, असल में 44) राज कपूरद्वारा निर्देशित एक फिल्म जिसकी हीरोइन मंदाकिनी थी 45) बुद्धिमानी, स्वेच्छाचारी 46) जंगल में लकड़ी तोड़कर बेचनेवाला 48) पानी के बुंद की नीचे गिरने की आवाज 51) जंगम, चलायमान, चलनेवाला 54) हर जगह घुमनेवाला, आवारा 55) मन की मौज के अनुसार कार्य करनेवाला 57) आवरण, छिलका 59) विष्णुजी का एक नाम 61) मुंबई – हावड़ा रेल मार्ग पर महाराष्ट्र में स्थित एक बड़ा स्टेशन 64) आत्मीयता, अपना लगने का भाव 67) तन्मय, विलीन 70) नरक लोक के राजा 72) गतिशील चित्र, फिल्म 75) अभाव में 77) समाचार पत्र 78) चन्द्रमा 80) भीत, अमिताभ बच्चन और शशी कपूर की एक फिल्म 81) राज्ञी, महारानी 83) प्राचीन काल के एक गोत्रकार ऋषि 86) प्रदर्शन, दिखावा 87) निश्चित, पूरा किया हुआ, समाप्त 89) अभिज्ञता, परिचय 90) विश्वास 91) संगीत में संपूर्ण जाति का एक राग 93) पिता के पिता 96) सृष्टी का सर्वनाश, संहार 97) कृत्रिम जलमार्ग 100) बहुत बातें करनेवाला, वाक्पटू, बकवादी 101) पृथ्वी संबंधी, पृथ्वी से उत्पन्न 105) देह, शरीर 106) पदार्थ का वह गुण जो केवल आंखों से जाना जाता है 107) वृद्धावस्था, जरा 108) उत्सव, त्यौहार (जवाब अगले अंक में ) ●

ck;। I। nk;। !& 1) विजय प्राप्त होने के बाद निकाली जानेवाली यात्रा 4) रजनी, निशा 6) पालन – पोषण 9) चर्चा, तर्क वितर्क, विचार विमर्श 13) आगरे का विश्वप्रसिद्ध मकबरा 16) आज्ञाकारी सेवक, नमकहलाल 18) सुंदर स्त्री 19) नदी या पहाड़ के आसपास की जमीन 21) लड़खड़ाता हुआ, अस्तव्यस्त 24) नहीं, निषेध 25) अनजान, मूर्ख 26) किसी भी खरीदी हुयी चीज के पैसे तुरंत देना 27) गन्धयुक्त एक द्रव जो मस्त हाथी के कनपटियों से बहता है 28) पाने की इच्छा 31) धर्म की दृष्टि से देने की क्रिया 34) पति की बहन 38) वह भवन जहां नाटक प्रस्तुत किया जाता है 40) बुरी आदत 42) सौगन्ध, प्रतिज्ञा 44) राजाओं का निवासस्थान 47) मस्तिष्क, माथा 49) देश या प्रान्त का वह प्रमुख शहर जहां से शासन संचालित होता है 50) खाने की चीज का स्वाद, रुची, द्रव 52) प्रेमी, पति, प्रणयी 53) बेईमान, कृतघ्न 56) किसी वस्तु को पकड़ने के लिये झट से आगे बढ़ना 58) आश्चर्य, अचंभा 60) कीर्तिमान, प्रभावशाली 62) भय, आशंका 63) मुसलमानोंद्वारा की गयी ईश्वर प्रार्थना 65) एक स्वीकृतिसूचक शब्द 66) फिल्म 'निकाह' से फिल्म जगत में आयी हुयी अभिनेत्री 67) एक नहाने का साबुन उत्पादन 68) इसलिए, अतः 69) पहचान पत्र 71) हिमालय की एक प्रसिद्ध चोटी 73) एक प्रकार की बहुत छोटी सरसों 74) जिंदा, प्राणयुक्त 76) निषिद्ध, वर्जित 78) सौम्य, ठंड़ा 79) अबोध, नासमझ 82) अप्रसन्नता 84) जांच, परीक्षा 85) वातानुकूलन की प्रक्रिया से जिसका तपमान नियमित एवं नियंत्रित किया गया हो 88) मृत्यु देवता 89) जानने का भाव, समझ 90) केवल एक 92) सरकारी नियम 94) अवलोकन, देखना 95) चंचल, चलायमान 98) बंधू, सहोदर 99) दावानल, जंगल में लगी हुयी आग 102) भुक्कड़, निर्धन 103) मार डालने की क्रिया, वध 104) दो पक्षोंद्वारा खेला जानेवाला एक दिमागी खेल 108) परीक्षा देनेवाला 109) धनवान, धनी 110) युद्ध के लिये पुकारना, आक्रमण 111) गऊ, गाय 112) वह व्यक्ति जिसका कार्य नगर में शांती और सुव्यवस्था रखना तथा उसकी रक्षा करना होता है 113) विभाग विशेष के कर्मचारियों की विशेष प्रकार की पोशाक

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## कच्चे तेल कीमतों में तेजी, अमेरिका-ईरान तनाव से सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव की आशंका : विश्लेषक



नई दिल्ली, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।***

निवेशक अमेरिकी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों और प्रारंभिक पीएमआई जैसे महत्वपूर्ण आंकड़ों के साथ ही यूरोप और चीन के मौद्रिक नीति फैसलों तथा प्रमुख आर्थिक संकेतकों पर भी नजर रखेंगे। इनसे वैश्विक ब्याज दरों की दिशा को लेकर संकेत मिल सकते हैं।

विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने रविवार को ईरान के खिलाफ नए हवाई हमले किए, जिससे पहले से तनावपूर्ण पश्चिम एशिया की स्थिति और गंभीर हो गई है।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में जिंस एवं मुद्रा शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, ÷माह के अंत में होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले सोने में गिरावट का दौर जारी है। हालांकि, बाजार का ध्यान अमेरिका और ईरान के बीच घटनाक्रम पर बना रहेगा।÷ मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त की आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 2,572 रुपये यानी करीब दो प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, सितंबर अनुबंध वाली चांदी 6,261 रुपये यानी 2.8 प्रतिशत टूटकर 2.16 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक-जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लंबे समय तक ब्याज दरें ऊंची बने रहने की संभावना के कारण सोने में गिरावट का दौर जारी रहा।

उन्होंने कहा कि सोने में हर तेजी पर नई बिकवाली देखने को मिली, जिससे संकेत मिलता है कि कारोबारी नई खरीदारी करने के बजाय मुनाफावसूली को प्राथमिकता दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि रुपये में मामूली सुधार से भी सोने को ज्यादा बल नहीं मिला, क्योंकि मजबूत डॉलर का दबदबा बना रहा।

वैश्विक बाजार में पिछले सप्ताह कॉमेक्स सोना वायदा 95 डॉलर यानी 2.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,018.8 डॉलर प्रति औंस रह गया। वहीं, न्यूयॉर्क में चांदी करीब चार डॉलर यानी 6.4 प्रतिशत टूटकर 56.32 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई।

मेर ने कहा कि शुक्रवार को सोने और चांदी में सुधार जरूर आया, लेकिन पूरे सप्ताह दोनों की कीमतें गिरावट के साथ बंद हुईं। कच्चे तेल की कीमतों में आपूर्ति बाधित होने की आशंका से 14 प्रतिशत से अधिक की तेजी और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से सोने की मांग प्रभावित हुई।

मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वार्श की सख्त मौद्रिक नीति संबंधी टिप्पणियों ने अमेरिका में नरम मुद्रास्फीति के आंकड़ों के प्रभाव को कम कर दिया है। इससे कड़ी मौद्रिक नीति जारी रहने की संभावना मजबूत हुई है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच किसी नए तनाव से सोने की मांग फिर बढ़ सकती है। इसके अलावा निवेशक यूरोपीय क्षेत्र, ब्रिटेन के पीएमआई आंकड़ों और चीन से जुड़े घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे।

## एयर इंडिया के बेड़े में डेढ़ साल में शामिल होंगे 50-60 नए विमान, रूपांतरण योजना पटरी पर: अधिकारी..




अबू धाबी, (भाषा)।

***एयर इंडिया समूह अगले 18 माह में अपने बेड़े में 50 से 60 नए विमान शामिल करने की तैयारी कर रहा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि एयरलाइन की महत्वाकांक्षी रूपांतरण योजना तय दिशा में आगे बढ़ रही है,***

हालांकि विमानन क्षेत्र को कई अप्रत्याशित चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और एयर इंडिया एक्सप्रेस के चेयरमैन निपुण अग्रवाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कंपनी को कई महत्वपूर्ण सीख मिली हैं। उन्होंने बताया कि यह बदलाव अभियान काफी जटिल और चुनौतीपूर्ण रहा है। घाटे में चल रही एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया का जनवरी, 2022 में टाटा समूह ने अधिग्रहण किया था।

अग्रवाल ने कहा कि विमानन उद्योग को आपूर्ति श्रृंखला में दिक्कतों, हवाई क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं, ईंधन कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक घटनाओं जैसी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इसके बावजूद एयरलाइन अपनी योजना के अनुसार आगे बढ़ रही है।

अग्रवाल ने बताया कि एयर इंडिया समूह का करीब 600 विमानों का ऑर्डर है और अभी इनमें से 10 प्रतिशत से कम की डिलिवरी हुई है।

उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में इनकी डिलिवरी तेज होगी। अगले सात से आठ वर्षों तक हर साल लगभग 50 से 60 नए विमान मिलने की उम्मीद है, जिनमें 10 से 15 बड़े आकार के विमान और 45 से 50 छोटे आकार के विमान शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि पुराने विमानों और पुराने केबिन की वजह से कंपनी को परिचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन अब स्थिति में सुधार हो रहा है। बेड़े के आधुनिकीकरण और विमानों के उन्नयन की प्रक्रिया तेज हो गई है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस अगले साल मार्च तक अपने विमानों को एक समान बेड़े में बदलने की योजना पर काम कर रही है। वहीं, एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों का उन्नयन अगले वर्ष के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है, जबकि बोइंग 777 विमानों में अधिक समय लग सकता है।

अग्रवाल ने बताया कि बोइंग मैक्स-8 विमानों की डिलिवरी तय कार्यक्रम के अनुसार जारी है। वहीं, मैक्स-10 विमानों की डिलिवरी प्रमाणन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुरू होने की उम्मीद है।

पश्चिम एशिया संकट और ईंधन कीमतों के दबाव के कारण एयर इंडिया ने कुछ उड़ानों में कटौती की थी। अब कंपनी इस साल की दूसरी छमाही से अपने नेटवर्क को दोबारा मजबूत कर रही है। एयर इंडिया ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में वह युद्ध से पहले के स्तर पर अपनी सेवाएं बहाल कर लेगी। इसके अलावा कंपनी यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए चालक दल और हवाईअड्डा कर्मचारियों के प्रशिक्षण, नई सेवा प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी प्रणालियों में निवेश कर रही है।

अग्रवाल ने कहा कि बेहतर विमान के साथ-साथ बेहतर सेवा व्यवस्था भी जरूरी है, तभी यात्रियों को सुरक्षित और भरोसेमंद अनुभव मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया का हाल के समय में काफी चुनौतियां का सामना करना पड़ा है। पिछल साल एयरलाइन का ड्रीमलाइनर विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस हादस में 260 लोगों की जान चली गई थी।

## रिलायंस रिटेल की ऑनलाइन कारोबार का तेजी से विस्तार करने की योजना..




नई दिल्ली, (भाषा)।

***रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) ने अगले तीन साल में अपने ऑनलाइन कारोबार का तेजी से विस्तार करने की योजना बनाई है। कंपनी जियोमार्ट को मजबूत करने,***

डार्क स्टोर्स की संख्या बढ़ाने और अपनी ओम्नी-चैनल क्षमताओं को और बेहतर बनाने पर जोर देगी। कंपनी का मानना है कि इन निवेश का असर आने वाले वर्षों में बेहतर मुनाफे और आय वृद्धि के रूप में दिखाई देगा। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) दिनेश तलुजा ने तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद तीन साल की रूपरेखा पेश करते हुए कहा कि कंपनी जियोमार्ट के बुनियादी ढांचे और ओम्नी चैनल की विभिन्न मंचों तक पहुंच बढ़ाने के लिए निवेश करेगी। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और डार्क स्टोर निवेश के कारण उसके मार्जिन पर दबाव है।

उन्होंने कहा, ''हमारी इस साल अपने ऑनलाइन कारोबार को तेजी से बढ़ाने की योजना है। हम डार्क स्टोर का विस्तार करेंगे। अपने ओम्नी चैनल मंच को आगे बढ़ाएंगे। जियोमार्ट की वृद्धि को तेज करेंगे।''

उन्होंने बताया कि कंपनी हर बाजार में सकारात्मक 'यूनिट इकॉनमिक्स' (प्रति इकाई लाभप्रदता) पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यूनिट इकॉनमिक्स यह पता लगाने की प्रक्रिया है कि कंपनी एक चीज बेचकर कितना कमा या गंवा रही है। उन्होंने कहा कि इसी आधार पर प्रत्येक बाजार का मूल्यांकन कर निवेश की रणनीति तय की जा रही है। साथ ही उत्पादों की उपलब्धता, डिलिवरी की गति और सेवा की विश्वसनीयता में भी सुधार किया जाएगा।

तलुजा के अनुसार, वित्त वर्ष 2027-28 और 2028-29 तक कंपनी का लक्ष्य अपने मौजूदा विस्तार को बेहतर मूल्य में बदलना है। इसके लिए ग्राहकों की दोबारा खरीदारी और खरीदारी की औसत राशि बढ़ाने पर काम किया जाएगा। कंपनी ने अगले तीन वर्षों में अपनी परिचालन कर-पूर्व आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान वर्ष में किए जा रहे निवेश का लाभ अगले दो वर्षों में बेहतर मार्जिन और मजबूत नकदी प्रवाह के रूप में मिलेगा। इसके अलावा निजी ब्रांड (प्राइवेट लेबल) की हिस्सेदारी बढ़ाने, मार्केटप्लेस से अधिक आय अर्जित करने और परिचालन दक्षता में सुधार के जरिये लाभप्रदता बढ़ाई जाएगी। तलुजा ने कहा कि कंपनी का जोर केवल ऑर्डर की संख्या बढ़ाने पर नहीं, बल्कि कारोबार की गुणवत्ता सुधारने पर रहेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि ओम्नी-चैनल रणनीति के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। ऐसे ग्राहक, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से खरीदारी करते हैं, ऑफलाइन ग्राहकों की तुलना में औसतन 2.7 गुना अधिक खर्च करते हैं। साथ ही उनकी खरीदारी में सालाना 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

## एनसीएलएटी ने सृष्टि हॉस्पिटैलिटी की बिक्री को चुनौती वाली अपील खारिज की

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने दिवाला प्रक्रिया के तहत सृष्टि हॉस्पिटैलिटी की बिक्री को चुनौती देने वाली पूर्व प्रवर्तकों की अपीलों को खारिज कर दिया है।***

न्यायाधिकरण ने संपत्ति के मूल्यांकन की दोबारा जांच करने से भी इनकार करते हुए कहा कि ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) पहले ही समाधान योजना को मंजूरी दे चुकी है और उसके व्यावसायिक निर्णय में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। सृष्टि हॉस्पिटैलिटी के निलंबित निदेशक मंडल (पूर्व प्रवर्तकों) ने आरोप लगाया था कि कंपनी की संपत्ति का मूल्यांकन कम किया गया, जिससे उसे बेहद कम कीमत पर खरीदा जा सका।

इन आरोपों को खारिज करते हुए एनसीएलएटी ने कहा कि जब सीओसी मूल्यांकन से संतुष्ट होकर समाधान योजना को मंजूरी दे चुकी है, तो पूर्व प्रवर्तकों की ओर से लगाए गए ऐसे आरोपों पर विचार नहीं किया जा सकता।

राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने 12 जुलाई, 2024 को एडमास इंडस्ट्रीज, शुभ आशीष एक्जिम प्राइवेट लिमिटेड और अमित जटिया के हार्डकैसल रेस्तरां वाले गठजोड़ की समाधान योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना में 32.41 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया था।

इसके बाद पूर्व प्रवर्तकों ने एनसीएलएटी में अपील दायर की थी। उन्होंने मुंबई के विले पार्ले स्थित प्रमुख स्थान वाली संपत्ति के मूल्यांकन को चुनौती दी थी।

सृष्टि हॉस्पिटैलिटी के निलंबित निदेशक मंडल के सदस्य संतोष आर. शेट्टी ने दावा किया था कि वर्ष 2017 और 2020 में किए गए मूल्यांकन में संपत्ति का उचित बाजार मूल्य 76.72 करोड़ रुपये तक आंका गया था।

उन्होंने आरोप लगाया था कि दिवाला प्रक्रिया के दौरान किया गया मूल्यांकन इस तरह तैयार किया गया, जिससे गठजोड़ को यह संपत्ति कम कीमत पर मिल सके।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडॉनल्ड्स की मास्टर फ्रेंचाइजी संचालित करने वाली हार्डकैसल रेस्तरां इस संपत्ति में अमेरिकी फास्ट फूड कंपनी की त्वरित सेवा रेस्तरां (क्यूएसआर) इकाई चला रही थी।

शेट्टी ने समाधान पेशेवर और गठजोड़ के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्हें बेहतर समाधान योजना पेश करने का अवसर नहीं दिया गया।

हालांकि, एनसीएलएटी ने इन दलीलों को खारिज कर दिया। न्यायाधिकरण ने कहा कि केवल भारतीय दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) में पंजीकृत मूल्यांकक द्वारा कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू होने के बाद किया गया मूल्यांकन ही इस प्रक्रिया में मान्य माना जाएगा। दिवाला प्रक्रिया शुरू होने से पहले किए गए मूल्यांकन का इसमें कोई महत्व नहीं है।

## अमेरिकी रिश्वतखोरी मामले में 10 सप्ताह की कानूनी मुहिम से मिली गौतम अदाणी को राहत



नई दिल्ली, (भाषा)।

***उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफअमेरिका में चल रहे बहुचर्चित रिश्वतखोरी और प्रतिभूति धोखाधड़ी मामले को खत्म कराने में करीब 10 सप्ताह तक चली एक व्यापक कानूनी रणनीति ने अहम भूमिका निभाई। हाल ही में सार्वजनिक किए गए अदालती दस्तावेजों से पता चलता है कि अदाणी की ओर से***

बचाव पक्ष के लगभग 600 पृष्ठ के कानूनी तर्क, प्रस्तुतियों और विशेषज्ञ रिपोर्ट की वजह से अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) मामले पर पुनर्विचार करने पर सहमत हुआ।

अदाणी के प्रमुख वकील और सुलिवन एंड क्रॉमवेल एलएलपी के सह-प्रमुख रॉबर्ट जे. गिफ्रा जूनियर ने 14 जुलाई को दाखिल दस्तावेज में बताया कि तीन फरवरी से 17 अप्रैल, 2026 के बीच बचाव पक्ष ने अभियोजन अधिकारियों के समक्ष अपना जवाब और प्रस्तुतियां दाखिल कीं। इसके अलावा मार्च में अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) को 151 पृष्ठ की एक अलग प्रस्तुति दी गई।

इस मामले की शुरुआत 20 नवंबर, 2024 को हुई थी, जब अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप पत्र सार्वजनिक किया था। इसमें गौतम अदाणी, उनके भतीजे और अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. के कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी, पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी ( सीईओ) विनीत जैन और अन्य लोगों पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने सौर ऊर्जा आपूर्ति अनुबंध हासिल करने के लिए भारत में सरकारी अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर से अधिक की रिश्वत देने की साजिश रची।

अमेरिकी अभियोजकों का आरोप था कि इन अनुबंधों से अगले दो दशक में दो अरब डॉलर से अधिक का शुद्ध लाभ मिलने की संभावना थी। अभियोजन पक्ष ने यह भी दावा किया था कि निवेशकों को कथित योजना के बारे में गलत जानकारी दी गई, जिसके आधार पर समूह ने तीन अरब डॉलर से अधिक की राशि ऋण और बॉन्ड के जरिये जुटाई।

अदाणी समूह ने इन आरोपों को लगातार खारिज करते हुए इन्हें निराधार बताया था। करीब 600 पृष्ठ की कानूनी दलीलों की रणनीति अदालती दस्तावेजों के अनुसार, अगस्त, 2025 में नियुक्त हुई कानूनी टीम ने कई महीनों तक मामले से जुड़े दस्तावेजों और अभियोजन पक्ष के तर्कों का गहन अध्ययन किया। इसके बाद फरवरी से अप्रैल, 2026 के बीच सरकार को विस्तृत जवाब सौंपे गए।

बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि अमेरिकी प्रतिभूति कानूनों का इस्तेमाल ऐसे मामलों में किया जा रहा है, जिनका अधिकांश हिस्सा अमेरिका के बाहर हुआ।

अदालती दस्तावेजों में यह भी सामने आया कि बचाव पक्ष ने दो बार गौतम अदाणी के नवंबर, 2024 के उस सोशल मीडिया संदेश का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने अमेरिका में ऊर्जा सुरक्षा और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 10 अरब डॉलर निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई थी। कंपनी का कहना था कि इससे 15,000 तक रोजगार को समर्थन मिलेगा।

हालांकि, अमेरिकी अभियोजकों ने इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। अमेरिकी अटॉर्नी जोसेफ नोसेला ने 11 मई के ईमेल में स्पष्ट किया कि आपराधिक आरोपों के समाधान के बदले अमेरिका में 10 अरब डॉलर निवेश की पेशकश को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपराधिक मामले के समानांतर एसईसी की सिविल कार्रवाई भी आगे बढ़ी। एसईसी के प्रस्तावित समझौते के तहत गौतम अदाणी ने 60 लाख डॉलर और सागर अडानी ने 1.2 करोड़ डॉलर का जुर्माना भरने पर सहमति जताई।

बाद में एसईसी के नियमों में बदलाव के बाद समझौते से जुड़े कुछ प्रावधानों में संशोधन किया गया। अमेरिकी न्याय विभाग ने मामले को वापस लेने के पीछे भारत में कथित घटनाओं का केंद्रित होना, अधिकार क्षेत्र से जुड़ी कठिनाइयां, पर्याप्त सबूतों की चुनौती और बदली हुई प्रवर्तन प्राथमिकताओं को कारण बताया।

## डेलॉयट का अनुमान, चालू वित्त वर्ष में 6.5 से 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था




नई दिल्ली, (भाषा)।

***चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.5 से 6.8 प्रतिशत रहेगी। डेलॉयट इंडिया ने यह अनुमान लगाया है। डेलॉयट ने अपनी ताजा आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा है कि वित्त वर्ष की पहली छमाही में वृद्धि की रफ्तार कुछ धीमी रह सकती है,***

लेकिन दूसरी छमाही में त्योहारी मांग, मौद्रिक नीतियों में नरमी और वैश्विक हालात में सुधार से अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने वर्ष 2026 की शुरुआत मजबूत आर्थिक बुनियाद के साथ की थी, लेकिन पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक घटनाक्रमों ने आर्थिक माहौल को प्रभावित किया है। इससे प्रमुख समुद्री मार्गों में बाधा, जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव, निवेशकों की चिंता और पूंजी निकासी जैसी स्थितियां पैदा हुईं। इसका असर व्यापार घाटे और रुपये की विनिमय दर पर भी पड़ा।

इन्हीं घटनाक्रमों के मद्देनजर भारतीय रिजर्व बैंक ने भी हाल में चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी।

डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हालिया भू-राजनीतिक घटनाक्रम और केंद्रीय बैंक के नीतिगत कदम कुछ जोखिमों को कम कर सकते हैं, लेकिन मौसम संबंधी अनिश्चितता, खासकर अल नीनो का कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर प्रभाव, एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का विस्तार मध्यम अवधि में वृद्धि का महत्वपूर्ण आधार बन सकता है। हालांकि, बाजार तक पहुंच बढ़ाने के साथ घरेलू उद्योगों को मजबूत करना, बेहतर बुनियादी ढांचा तैयार करना, आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त बनाना और नवोन्मेषण और कौशल विकास में निवेश बढ़ाना जरूरी होगा।

डेलॉयट ने महंगाई को आर्थिक वृद्धि के लिए एक प्रमुख जोखिम बताया है। कच्चे तेल, उर्वरक, आवश्यक खनिज और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों के साथ कमजोर रुपये का असर घरेलू कीमतों पर पड़ सकता है।

जून में भारत की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई, जो पिछले 18 माह का उच्च स्तर है। रिपोर्ट के अनुसार, कमजोर मानसून आने वाले महीनों में खाद्य महंगाई का दबाव बढ़ा सकता है, क्योंकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी करीब 46 प्रतिशत है। रिपोर्ट कहती है कि नीति-निर्माताओं के सामने महंगाई पर नियंत्रण और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के बीच संतुलन कायम रखने की चुनौती होगी।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# रविवार बाजार से नपा वसूल रही राजस्व वसूली, सुविधाएं नगण्य

**बारिश के चार माह बढ़ जाती है समस्याएं..**





जगप्रेरणा लांजी।

***रविवार बाजार की यह बदहाली अब किसी एक दिन की समस्या नहीं, बल्कि नगर परिषद लांजी की कार्यप्रणाली पर स्थायी प्रश्नचिह्न बन चुकी है। जब राजस्व वसूली में कोई कमी नहीं छोड़ी जाती, तो फिर जनता***

को सुरक्षित रास्ते, स्वच्छ वातावरण, जल निकासी और बुनियादी सुविधाएं देने में आखिर इतनी उदासीनता क्यों? नगर परिषद और उसके जिम्मेदार अधिकारियों को अब कागजी दावों से बाहर निकलकर धरातल पर जवाब देना होगा, क्योंकि विकास फाइलों में नहीं, जनता की सुविधाओं में दिखाई देता है। नगर परिषद लांजी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और इंजीनियर यदि कभी अपने वातानुकूलित कार्यालयों से निकलकर रविवार बाजार की वास्तविक तस्वीर देखने पहुंचें, तो शायद उन्हें एहसास हो कि कागजों में विकास और धरातल पर विकास में कितना बड़ा अंतर है। जिस रविवार बाजार से नगर परिषद हर वर्ष लाखों रुपये का राजस्व वसूलती है, उसी बाजार को मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसा दिया गया है। रविवार को महज एक घंटे की बारिश ने नगर परिषद की पूरी व्यवस्था को पानी में बहा दिया।

बाजार के अधिकांश मार्ग दलदल में तब्दील हो गए, चारों ओर कीचड़, गंदगी और जलभराव का साम्राज्य फैल गया, जबकि हजारों खरीदार और व्यापारी बदहाली के बीच बाजार करने को मजबूर रहे। यह दृश्य किसी प्राकृतिक आपदा का नहीं, बल्कि नगर परिषद की वर्षों से चली आ रही प्रशासनिक उदासीनता का जीवंत प्रमाण था। नगर परिषद करोड़ों की योजनाओं और विकास के दावे करने में कभी पीछे नहीं रहती, लेकिन जिस बाजार से उसे नियमित आय होती है, वहीं आज तक पक्के मार्ग, समुचित जल निकासी, शौचालय और मूत्रालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा सकी। परिणामस्वरूप हर बारिश के साथ बाजार दलदल में बदल जाता है और जिम्मेदार अधिकारी कार्यालयों में बैठकर फाइलों में विकास तलाशते रहते हैं।

## मछली-मटन मार्केट की स्थिति सबसे भयावह, बारिश ने व्यापारियों की मेहनत पर फेरा पानी..

बाजार के मछली और मटन विक्रय क्षेत्र की हालत सबसे चिंताजनक बनी हुई है। बारिश के कारण गंदा पानी जमा होने से बदबू फैल रही है। स्वच्छता और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है। यदि समय रहते सफाई और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो यह स्थिति जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। लगातार हुई बारिश से अनाज, दाल और सब्जी व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। कई व्यापारियों को अपना सामान बचाने के लिए तिरपाल और प्लास्टिक का सहारा लेना पड़ा, फिर भी बड़ी मात्रा में सामग्री भीग गई। खरीदारों की संख्या भी कम हो गई, जिससे व्यापार प्रभावित हुआ। व्यापारियों का कहना है कि यदि पक्के मार्ग और उचित जल निकासी की व्यवस्था होती तो नुकसान काफी कम हो सकता था।

## कॉम्प्लेक्स निर्माण बना मुसीबत, अधूरा काम और फैला मलबा..

नगर परिषद द्वारा बाजार परिसर में कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा हुआ है। निर्माण सामग्री और मलबा जगह-जगह फैला होने से बाजार की स्थिति और भी खराब हो गई है। बारिश के दौरान यही मलबा और कीचड़ मिलकर लोगों के लिए जोखिम बन गया।

लोगों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य समय पर पूरा होता तो बाजार की व्यवस्था काफी हद तक सुधर सकती थी, लेकिन सुस्त कार्यप्रणाली का खामियाजा जनता भुगत रही है।

## बोले सीएमओ मयूर वाहने..

इस संबंध में मुझे जानकारी है, बाजार पहुंचने वाले लोगों द्वारा मुझसे संपर्क किया गया और बाजार की वस्तुस्थिति से अवगत कराया है इससे पहले ही हमारे द्वारा बाजार ठेकेदार को बुलाकर बाजार में आने जाने वाले लोगों की निकासी और आवागमन के लिये समुचित व्यवस्था बनाने के लिये मौखिक रूप से कहा जा चुका है, फिर भी सुधार नहीं होता तो ठेकेदार के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# पौसेरा में भरभराकर गिरा पेड़, गंभीर हादसा टला, मार्ग से पेड़ हटाने पर आवागन हुआ शुरू



जगप्रेरणा लांजी।

***जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत पौसेरा में रविवार सुबह एक बड़ा हादसा टल गया। जैतलाल के खेत के समीप स्थित विशालकाय महुआ का पेड़ अचानक मार्ग पर धराशायी हो गया, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।***

गनीमत रही कि पेड़ गिरने के समय वहां से कोई राहगीर नहीं गुजर रहा थाए अन्यथा बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत के सरपंच कृष्णा पांचे एवं सचिव संजय वंशपाल तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद महेश चौधरी, चैतन नेताम सहित ग्रामीणों के सहयोग से पेड़ हटाने का कार्य युद्ध-स्तर पर शुरू कराया गया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद विशालकाय महुआ के पेड़ को मार्ग से हटाकर आवागमन पूरी तरह सुचारू कर दिया गया।

ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों की त्वरित पहल और सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर की गई कार्रवाई से लोगों को परेशानी से राहत मिली। साथ ही, सभी ने राहत की सांस ली कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या अन्य अप्रिय घटना नहीं हुई।

# विशेष लोक अदालत में चेक बाउंस के 13 मामलों का हुआ निराकरण, 21.52 लाख रुपये का अवार्ड पारित



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) की धारा 138 के तहत लंबित चेक बाउंस प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए शनिवार 18 जुलाई को जिले के न्यायालयों में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।***

इस दौरान आपसी सहमति से 13 प्रकरणों का निराकरण कर कुल 21 लाख 52 हजार 963 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय बालाघाट सहित जिले की सभी तहसील न्यायालयों में विशेष लोक अदालत के लिए अलग-अलग खंडपीठों का गठन किया गया। लोक अदालत में पक्षकारों ने आपसी सहमति से राजीनामा कर अपने मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा कराया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश श्री सतीश शर्मा ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निपटारा होने से पक्षकारों के बीच आपसी सद्भाव बना रहता है तथा समय और धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने बताया कि आगामी 12 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।




# चार माह से नहीं मिल रही जरूरत मंदों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन..

**कांग्रेस ने कहा जरूरत मंदो की उपेक्षा कर रही प्रदेश सरकार..**



जगप्रेरणा लांजी।

***प्रदेश की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के हजारों हितग्राहियों को पिछले चार माह से पेंशन राशि नहीं मिलने का मामला अब राजनीतिक तूल पकड़ने लगा है।***

कांग्रेस कमेटी बहेला के अध्यक्ष ऋषि पटेल दसरिया ने प्रदेश सरकार पर जरूरतमंद वर्गों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन लोगों के जीवन-यापन का प्रमुख आधार सामाजिक सुरक्षा पेंशन है, उन्हें महीनों से भुगतान के लिए भटकना पड़ रहा है। यह स्थिति सरकार की संवेदनहीन कार्यप्रणाली को उजागर करती है। ऋषि पटेल दसरिया ने बताया कि अप्रैल माह से अब तक इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी निशक्त पेंशन योजना, निराश्रित पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन योजना के हितग्राहियों के खातों में पेंशन राशि नहीं पहुंची है। इसके कारण हजारों वृद्धजन, विधवाएं, दिव्यांग एवं निराश्रित नागरिक गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार गरीबों और कमजोर वर्गों के कल्याण के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल विपरीत है। कई हितग्राही अपनी दवाइयों, भोजन और दैनिक जरूरतों के लिए पूरी तरह पेंशन पर निर्भर हैं। लगातार चार माह तक भुगतान नहीं होना प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर उदाहरण है। कांग्रेस नेता ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि सरकार सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के हितग्राहियों को समय पर उनका अधिकार भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है, तो आखिर इन योजनाओं का औचित्य क्या रह जाता है? उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि सभी लंबित पेंशन राशि तत्काल जारी कर प्रत्येक माह नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि गरीब एवं जरूरतमंद नागरिकों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही लंबित पेंशन का भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस कमेटी जनहित में चरणबद्ध लोकतांत्रिक आंदोलन शुरू करेगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

# प्रा. शा. कलपाथरी में शिक्षिका तरुणा चौहान व कल्पना नागपुरे के स्थानांतरण पर दी भावभीनी बिदाई..





जगप्रेरणा लांजी।

***शासकीय प्राथमिक शाला कलपाथरी में रविवार को भावनात्मक एवं गरिमामय वातावरण में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती तरुणा चौहान एवं श्रीमती कल्पना नगपुरे के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।***

इस अवसर पर शाला परिवार, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने दोनों शिक्षिकाओं के शैक्षणिक योगदान को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बताया गया कि श्रीमती तरुणा चौहान, मूल निवासी अमेडा (पा.), की प्रथम नियुक्ति 14 अक्टूबर 2009 को शासकीय प्राथमिक शाला कलपाथरी में हुई थी।

लगभग 16 वर्ष 8 माह तक उन्होंने विद्यालय में सेवाएं देते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यालय की प्रगति के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका स्थानांतरण 6 जुलाई 2026 को शासकीय प्राथमिक शाला मेहराटोला, सिरेगांव में हुआ है। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने समर्पण, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और स्नेहपूर्ण व्यवहार से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सहकर्मियों के बीच विशेष पहचान बनाई। उनके सरल, सहयोगी और प्रेरणादायी व्यक्तित्व ने विद्यालय परिवार पर अमिट छाप छोड़ी। वहीं, श्रीमती कल्पना नगपुरे ने अपने लगभग एक वर्ष के कार्यकाल में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने अपने कार्यकुशल, मिलनसार और सामंजस्यपूर्ण व्यवहार से विद्यालय में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तैयार किया तथा सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों का विश्वास और स्नेह अर्जित किया।

विदाई समारोह में शाला परिवार की ओर से दोनों शिक्षिकाओं का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने उनके योगदान की सराहना करते हुए नए कार्यस्थल पर भी इसी समर्पण और निष्ठा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजू धनोले की अध्यक्षता तथा ग्राम पंचायत कलपाथरी के सरपंच लिकेश एडे के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षक गजेंद्र बिसेन, मिलेश्वर पटले, देवराम धारणे, गजेंद्र राहंगडाले, नीतू भौंडेकर, निरंजना बंसोड, विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, रसोइया एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन शाला के प्रधान पाठक ईश्वर बंसोड ने किया।

# रविवार साप्ताहिक बाजार में पुलिस ने दिया नशा मुक्ति जागरूकता का संदेश








जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में बढ़ती नशे की लत पर अंकुश लगाने और आमजन को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए रविवार 19 जुलाई की दोपहर लांजी पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत लांजी के व्यस्त साप्ताहिक बाजार में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।***

इस दौरान पुलिस टीम ने साप्ताहिक बाजार में उमड़ी ग्रामीणों और व्यापारियों की भीड़ के बीच नुक्कड़ नाटक की जीवंत प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से बेहद सरल और प्रभावकारी ढंग से दिखाया गया कि किस तरह नशा न सिर्फ एक हंसते-खेलते परिवार को बर्बाद कर देता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी व्यक्ति को खोखला कर देता है। अभियान का नेतृत्व कर रहे थाना प्रभारी मुकेश दुबोलिया और उपनिरीक्षक विधि पांडे ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए नशे के खिलाफ इस जंग में पुलिस का साथ देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे के दलदल से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस जागरूकता अभियान और नुक्कड़ नाटक को सफल बनाने में हेड कांस्टेबल नरेंद्र सोनवे, दीपक डोहरे, आशुतोष राजपूत, पवन धाकड़, प्रीति प्रजापति सहित एसएसयू स्टाफ के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिसकर्मियों ने हाथों में स्लोगन और पोस्टर लेकर लोगों को नशे से हमेशा दूर रहने का संकल्प भी दिलाया।

बाजार में आए सैकड़ों ग्रामीणों ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की और माना कि मनोरंजन के साथ-साथ समाज को जागरूक करने का यह तरीका बेहद असरदार है।

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





जग प्रेरणा

लालबर्रा, बैहर, परसवाड़ा

● कनकी ● खमरिया ● जाम ● कंजई ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला



विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# सवाल पूछते ही डॉक्टर अभद्रता पर उतर आए, पत्रकारों ने कलेक्टर से की उच्चस्तरीय जांच की मांग..

### लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का अपमान बर्दाश्त नहीं, कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिले में एक पत्रकार के साथ कथित अभद्रता और अपमानजनक भाषा के प्रयोग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन और पत्रकारों ने इसे केवल एक पत्रकार का नहीं, बल्कि पूरे पत्रकार समाज के सम्मान पर***

हमला बताते हुए शनिवार को कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर मयाराम कौल को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय, निष्पक्ष जांच कर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। साथ ही स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो पत्रकार संघ व्यापक आंदोलन करेगा। ज्ञापन के अनुसार, ग्राम बचोली निवासी एवं विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार माध्यमों से जुड़े पत्रकार अशोक गिरी गोस्वामी ने जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. शुभम लिल्हारे से एक समाचार के संबंध में तथ्यात्मक जानकारी और उनका पक्ष जानने के लिए दूरभाष पर संपर्क किया था।

आरोप है कि बातचीत के दौरान फोन डॉ. अशोक लिल्हारे को सौंप दिया गया। पत्रकार द्वारा समाचार से जुड़े सवाल पूछे जाने पर जवाब देने के बजाय उन्होंने कथित रूप से आक्रोशित होकर अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। आरोप है कि बातचीत के दौरान पत्रकारों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और कथित रूप से यह भी कहा गया कि डॉक्टर होने के नाते किसी को भी पागल घोषित कर सकता हूं। इन आरोपों के सामने आने के बाद जिले के पत्रकारों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

### निजी अस्पताल से जुड़े सवाल पर विवाद..

पीड़ित पत्रकार अशोक गिरी गोस्वामी ने बताया कि 17 जुलाई की शाम उन्होंने एक समाचार के तथ्यात्मक सत्यापन और संबंधित पक्ष का मत जानने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ. शुभम लिल्हारे को फोन किया था। हाल ही में एक निजी अस्पताल द्वारा जारी प्रेस नोट में डॉ. शुभम लिल्हारे का नाम डायरेक्टर के रूप में उल्लेखित था, वहीं एक मरीज ने भी दावा किया था कि उसकी सर्जरी उनके द्वारा की गई है।

इन्हीं तथ्यों की पुष्टि के लिए उन्होंने सवाल किए। अशोक गिरी का आरोप है कि बातचीत के दौरान फोन डॉ. अशोक लिल्हारे को दे दिया गया, जिन्होंने सवालों का जवाब देने के बजाय कथित रूप से बेहद अभद्र, अपमानजनक और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें कहा गया, तेरे जैसे पत्रकार बहुत भौंकते हैं... तू पूछने वाला कौन होता है... तथा यह भी कहा गया कि मैं डॉक्टर हूं, किसी को भी पागल घोषित कर सकता हूं। अशोक गिरी का कहना है कि उन्होंने बार-बार अपना परिचय पत्रकार के रूप में देते हुए केवल तथ्यात्मक जानकारी मांगी, लेकिन उन्हें लगातार अपमानित किया गया। उनका कहना है कि यह घटना केवल उनके व्यक्तिगत सम्मान पर हमला नहीं, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाली है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी पत्रकार के साथ इस प्रकार का व्यवहार करने का दुस्साहस कोई न कर सके।

### यह पूरे पत्रकार समाज का अपमान...

वर्किंग जर्नलिस्ट ऑर्गेनाइजेशन के जिलाध्यक्ष श्रीकांत त्रिवेदी ने कहा कि यदि कोई पत्रकार जनहित से जुड़े विषय पर तथ्य जानने के लिए सवाल पूछता है तो उसके साथ इस प्रकार का व्यवहार अस्वीकार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक का नाम निजी अस्पताल के डायरेक्टर के रूप में सामने आना भी गंभीर जांच का विषय है। संगठन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाने की मांग की है।

पत्रकार संघ ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोषी चिकित्सक के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो जिलेभर के पत्रकार एकजुट होकर आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# मध्यपप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पखवाडा अंतर्गत स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन..

### सेवा, सहभागिता और सामाजिक जागरूकता संदेश दे रहा है जन अभियान परिषद




**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

दिनांक 17/07/2026 - मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में आज यहां स्थानीय शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभाकक्ष में माननीय श्री भगतसिंह नेताम सदस्य राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग म.प्र., श्रीमती मौसम बिसेन सदस्य राज्य पिछडा वर्ग आयोग म.प्र., श्री शिवनारायण पटेल राज्य सलाहकार नीति निर्धारण जन अभियान परिषद भोपाल, श्रीमती माया उइके अध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिविनी, श्री रविप्रसाद बर्मन संभाग समन्वयक म.प्र.जन अभियान परिषद संभाग जबलपुर, डॉ. श्री अशोक मराठे प्राचार्य शास. जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री भगतसिंह नेताम जी ने अपने संबोधन में स्वैच्छिक सेवा के महत्व पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते कहा कि समाज एवं देश के विकास में युवाओं, स्वयंसेवको और सामाजिक संगठनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने समाजहित के कार्यो में ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर सेवा समर्पण और जन सहभागिता की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आव्हान किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्य पिछडा वर्ग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन ने कहा कि स्वैच्छिकता के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय सहभागीता का संदेश दिया।

इसके पूर्व जिला समन्वयक श्री महेश पटले ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुये कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में 04 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक स्वैच्छिकता पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को परिषद के नेटवर्क के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज बालाघाट जिले में जिला स्तर पर यह कार्यक्रम आप लोगों की उपस्थिति में आयोजित किया गया है। श्री शिवनारायण पटेल जी ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में कहां कि परिषद के साथ विभिन्न अवसरों पर काम करने का अवसर मिलता है। मैने जगह-जगह घुमने पर यह देखा है कि आप स्वैच्छिक संगठनों के काम बहुत प्रशंसनीय है इन कार्यो को और भी ऊर्जा के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित करने की आवश्यकता है। संभाग समन्वयक श्री रविप्रसाद बर्मन ने विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। जिसके तहत वर्तमान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यकम अंतर्गत नवीन प्रवेश, एक पेड मॉ के नाम अभियान, स्वैच्छिकता पर्व, नवांकुर सखी कार्यकम आदि थे। माया उइके अध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी ने गौ संरक्षण एवं जैविक कृषि पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर स्वैच्छिकता का संकल्प लिया गया एवं पूर्व में संचालित परिषद की महत्वंपूर्ण गतिविधियों मे शामिल रही जल गंगा संवर्धन अभियान 02 के अंतर्गत जिले भर में उत्कृष्ट कार्य वाली नवांकुर संस्थाओं, सीएमसीएलडीपी मेंटर्स एवं छात्र, सीएम ईन्टर्न, प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जन अभियान परिषद जिला बालाघाट से जूडे सभी विकासखंडो के समन्वयक, नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारीगण, प्रस्फुटन समितियों के सदस्यगण, सीएमसीएलडपी मेंटर्स, कार्यालयीन स्टॉफ सहित बडी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अजय ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन महेश पटले जिला समन्वयक बालाघाट द्वारा किया गया।

# राजा भोज की प्रतिमा खंडित होने पर पंवार समाज में आक्रोश, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग..





**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***नगर के पंवार समाज मंगल भवन के समीप स्थापित सम्राट राजा भोज की प्रतिमा को अज्ञात तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने के विरोध में पंवार समाज ने रविवार को थाना परसवाड़ा पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।***

समाज के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों ने दोषियों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। ज्ञापन में समाज ने कहा कि सम्राट राजा भोज पंवार समाज के गौरव, स्वाभिमान और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं।

उनकी प्रतिमा के साथ की गई तोड़फोड़ न केवल समाज की भावनाओं को आहत करने वाली घटना है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करने का प्रयास भी है। घटना के बाद समाज के लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। समाजजनों ने प्रशासन से मांग की कि प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने वाले अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की प्रासंगिक धाराओं के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही प्रतिमा स्थल पर सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की भी मांग की गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि राजा भोज भारतीय इतिहास के महान शासकों में से एक थे और उनकी प्रतिमा के साथ की गई छेड़छाड़ सांस्कृतिक धरोहर का अपमान है। उन्होंने प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने की अपेक्षा जताई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत सदस्य एवं सर्कल अध्यक्ष तामेश्वर पटेल, सर्कल सचिव चंद्रशेखर कटरे, होमेश्वर ठाकरे, तुलसीराम बघेल, टीकम राहंगडाले, लोकेश राहंगडाले, नरेंद्र शरणागत, योगेंद्र हनवत, कमलेश बिसेन, डामेश पटले, राहुल पटले, कैलाश परिहार, महेश कटरे, उर्मिला पटले, चित्ररेखा अमूले, विमला ठाकरे, मीरा बिसेन, योगिता बिसेन, नीतू पटले, जितेंद्र राहंगडाले सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। पुलिस ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर समाज की नजर बनी हुई है।

# छात्रावासों में चला नशा मुक्ति अभियान, विद्यार्थियों ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प






**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

जिले में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलेक्टर मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देश तथा जिला खेल अधिकारी राहुल बारेसा के मार्गदर्शन में युवा खेल समन्वयक खेमलाल वरकड़े द्वारा विकासखंड परसवाड़ा के विभिन्न छात्रावासों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अभियान के तहत सर्वप्रथम शंकर शाह-रघुनाथ शाह आदिवासी बालक छात्रावास परसवाड़ा में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस दौरान छात्रों को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा, शराब, भांग एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाली शारीरिक और मानसिक हानियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि नशा व्यक्ति के शरीर को दीमक की तरह धीरे-धीरे खोखला कर देता है तथा उसके भविष्य को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक डालीराम मसकरे उपस्थित रहे। इसके बाद अनुसूचित जाति बालक छात्रावास परसवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प दिलाया गया। युवाओं को समझाइश दी गई कि नशा व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को कमजोर कर देता है। उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक कुमनलाल पंद्रे मौजूद रहे।

वहीं वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास परसवाड़ा में छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन जीने का संदेश दिया गया। छात्राओं से कहा गया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती पारबता उईके उपस्थित रहीं।

युवा खेल समन्वयक खेमलाल वरकड़े ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। यदि युवा वर्ग नशे से दूर रहकर खेल, शिक्षा और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ता है तो एक स्वस्थ, सशक्त और नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0': गांव - गांव पहुंचकर पुलिस दे रही जागरूकता का संदेश

**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

***मध्य प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चलाए जा रहे ÷नशे से दूरी है, जरूरी 2.0÷ अभियान को पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्र में धरातल पर उतारा जा रहा है।***

इस अभियान के तहत निरीक्षक कमलेश धूमकेती और निरीक्षक सुभाष दुबे सुबह से ही गांव-गांव पहुंचकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं।

### कहां-कहां पहुंची टीम

सुबह से बैगा आदिवासी बस्तियों में जाकर युवाओं को नशे से दूर रहने की समझाइश दी गई। खेतों में काम करने वाले किसान भाइयों और बिल्डिंग साइट पर मजदूरी करने वाले श्रमिकों से सीधा संवाद किया गया। गलियों और सार्वजनिक



स्थानों पर लोगों को परिवार और समाज पर नशे के दुष्प्रभाव बताए गए

### निरीक्षक कमलेश धमकेती ने कहा:

'पीने वाला अकेले बर्बाद नहीं होता। उसका पूरा परिवार इस दंश को झेलता है। बच्चों को अपनी छोटी-छोटी जरूरतों के लिए तरसना पड़ता है।' कई बार पिता की शराब की लत एक होनहार बेटे बेटी का भविष्य खराब कर देती है,

### निरीक्षक सुभाष दुबे ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा:

'मैंने महसूस किया है कि इस क्षेत्र के आदिवासी युवाओं में प्रतिभा और योग्यता की कोई कमी नहीं है। बस उन्हें खुद को पहचानने की जरूरत है। अगर युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाए तो वे अच्छे पदों पर पहुंचकर अपने परिवार का भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। पुरुष अपने खून-पसीने की कमाई को परिवार पर खर्च करें,न की नशे में।' और उसी पूंजी को बचा कर आपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करे,क्योंकि बिना शिक्षा के जीवन निरर्थक है,गांव का हर बच्चा पढ़ेगा तभी गांव ओर देश आगे बढ़ेगा

लोग कर रहे सराहना - पुलिस के इस मैत्रीपूर्ण व्यवहार और समझाइश वाले अंदाज की हर कोई तारीफकर रहा है। लोगों का कहना है कि वर्दी के साथ अपनापन देखकर निश्चित ही यह सामुदायिक पुलिसिंग का शानदार उदाहरण है।

# उकवा में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 250 से अधिक ग्रामीणों ने उठाया लाभ..

### मार्श आर्थोपेडिक हॉस्पिटल बालाघाट की पहल, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की निःशुल्क जांच एवं दवा वितरण






**उकवा संजना मोनू बर्वे।**

ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से मार्श आर्थोपेडिक हॉस्पिटल बालाघाट द्वारा उकवा के जय बड़ा देव पूजा स्थल उकवा में एक दिवसीय भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 250 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य जांच कराई और निःशुल्क दवाएं प्राप्त कीं।

शिविर का शुभारंभ नव पदस्थ थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश धूमकेति, नवपदस्थ उकवा चौकी प्रभारी निरीक्षक सुभाष दुबे और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। कार्यक्रम में जय बड़ा देव एकता समिति अध्यक् आर एस तिलगाम और सचिव राजेंद्र टेकाम सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में थाना प्रभारी कमलेश धूमकेति ने कहा कि 'इस तरह के स्वास्थ्य शिविर दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए बहुत लाभदायक हैं। मार्श हॉस्पिटल का यह प्रयास सराहनीय है।' सामाजिक कार्यकर्ता जेम्स बारीक ने भी अस्पताल प्रबंधन को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस तरह के शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंच सके। शिविर में बालाघाट से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम पहुंची। मरीजों की भीड़ को देखते हुए डॉक्टरों ने घंटों तक निःस्वार्थ भाव से सेवा दी। डॉ. रोहित मर्सकोले - हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रिया मोरोपे - जनरल मेडिसिन, डॉ. राहुल गेडाम - शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. प्रतीक परमार - दंत रोग विशेषज्ञ। डॉक्टरों ने बीपी, शुगर, हड्डी दर्द, बच्चों की बीमारी और दांतों की समस्याओं की जांच कर परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

इस शिविर को सफल बनाने में स्थानीय समाजसेवियों का बड़ा योगदान रहा। संदीप गजभिए, डॉ. प्रभात घुले, दानेश परिहार, सुशील टेकाम, जियलाल वल्के, अर्जुन मरकाम, अशोक ईडपाछे, सोनबती मेरावी, प्रमिला वरकड़े हीरालाल ने व्यवस्थाएं संभाली। मार्श हॉस्पिटल की ओर से विकास नामदेव, विनय साहू, तुलसी अंगूरे, कांची बिसेन, संतोष साहू सहित पूरा स्टाफ सुबह से ही मरीजों की सेवा में लगा रहा।

शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन और सहयोगी टीम का धन्यवाद किया। कई बुजुर्गों ने कहा कि शहर जाकर इलाज कराना उनके लिए संभव नहीं था, ऐसे में यह शिविर उनके लिए वरदान साबित हुआ। मार्श आर्थोपेडिक हॉस्पिटल के प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



11 सोमवार 20 जुलाई 2026

जग प्रेरणा ग्रामीण गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर



# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# ग्राम पंचायत पांढराबोड़ी में सरपंच झुमकलाल दमाहे के खुले भ्रष्टाचार की खुली पोल..

### पं. स. के विस्तार अधिकारी की जांच में सामने आई लाखों रुपयों के गबन की विस्फोटक जानकारी..

### सरपंच झुमकलाल दमाहे पर जिप- पंस की वसुली कार्यवाही पर लगी सबकी नजर..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*'बाढ़ के द्वारा ही खेत को खा जाने÷ की कहावत गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के पांढराबोड़ी ग्राम के भाजपा सरपंच झुमकलाल दमाहे और उपसरपंच विनोद चौव्हान ने चरित्रार्थ कर दी।*

प्राप्त जानकारीनुसार रिना राजेश नागपुरे एवं अन्य नागरिकों की शिकायत पर पंचायत समिती गटविकास अधिकारी ने विस्तार अधिकारी को शिकायत की जांच करने के आदेश अक्टुबर 2025 में दिये और तत्काल कार्यवाही करते हुए, '6 माह बाद' अप्रैल 2026 में विस्तार अधिकारी जांच हेतु ग्राम पंचायत पहुँचे और जांच कर अपना अहवाल पंचायत समिती में पेश कर दिया है।

विस्तार अधिकारी की जांच अहवालनुसार ग्राम पंचायत पांढराबोड़ी में सरपंच झुमकलाल दमाहे और उपसरपंच विनोद चौव्हान ने कोई अनियमितता नहीं की है, बल्कि ग्राम पंचायत और ग्राम के नागरिकों के हक की निधी पर, खुली डकैती कर करीब 17 लाख रुपए का गबन किया है। जिसकी सरपंच एवं उपसरपंच से वसुली की सिफारिश विस्तार अधिकारी ने अपनी जांच अहवाल में की है। लेकिन भाजपा सरपंच होने के नाते आम नागरिकों के हक के ये पैसे भ्रष्ट सरपंच-उपसरपंच से कभी वसुल हो पाएंगे, इस पर सभी की नजर लगी हुई है, यह विशेष उल्लेखनीय है।

### बिना सरकारी इंजीनियर के देयक मंजुरी, ग्राम पंचायत खातों से निकाले 15 लाख रुपए..

देश में प्रचलित नियमानुसार बांधकाम देयकों की जांच एवं मोजमाप जिला परिषद - पंचायत समिती के इंजीनियरों द्वारा की जाती है 7 जिससे उक्त बांधकाम कार्य मौके पर किये जाने की जवाबदेही तय होती है। लेकिन सरपंच झुमकलाल दमाहे ने वर्ष 2024 - 25 में रोजगार हमी योजना अंतर्गत 9 लाख रुपए, दलित वस्ती सुधार योजना अंतर्गत 3 लाख 30 हजार रुपए एवं वर्ष 2025 - 26 में ग्रामनिधी अंतर्गत 2 लाख 83 हजार रुपए बिना देयकों की मंजुरी, सीधे ग्राम पंचायत खाते से निकालकर डकार लिए।

### ग्राम पंचायत से सभी विकास योजनाओं और ग्राम सभा, मासिक सभा के रिकॉर्ड गायब..

सरपंच झुमकलाल दमाहे द्वारा किये भ्रष्टाचार का सारा कच्चा चिठ्ठा मिटाने के लिए ग्राम पंचायत के सभी योजनाओं के सारे रिकॉर्ड गायब कर दिये है। रोजगार हमी योजना, 15 वें वित्त आयोग, ग्रामनिधी आदि योजनाओं के सारे अंदाजपत्रक, मंजुर देयक, बैंक खातों की पासबुक आदि गायब है, जिससे भ्रष्टाचार की जांच और मुश्किल हो रही है। ग्राम पंचायत की मासिक सभा और आमसभा के कार्यवत का रिकॉर्ड भी सरपंच झुमकलाल दमाहे ने गायब कर पुरी ग्राम पंचायत की व्यवस्था को भ्रष्ट और हदबल कर दिया है।

### रोहयो के कामों में सरपंच-उपसरपंच एवं परिवार के सदस्यों के नाम मजुरी दिखाकर निकाल ली 9 लाख रुपयों की राशी :

दमाहे ने ग्राम पंचायत में मंजुर रोजगार हमी योजना के कार्यों को मौके पर न करते हुए, स्वंय, उपसरपंच एवं अपने ही परिवार के सदस्यों की बोगस हाजरी लगाकर 9 लाख रुपये से अधिक की राशी मजुरी स्वरुप निकालकर खा ली, ऐसा भी अहवाल में स्पष्ट किया गया है।

### नागपुर में कार्यरत नैनचंद नकुलचंद लिल्हारे को नाली सफाई कामगार बताकर निकाले 21500..

ग्राम की साफसफाई के लिए अस्थायी मजुरों की नियुक्ती सामान्य प्रक्रिया है। जिसका फायदा उठाते हुए नाली सफाई के नाम पर नैनचंद नकुलचंद लिल्हारे की बोगस हाजरी लगाकर दमाहे ने शासकीय खातों से 21500 की राशी निकालकर गबन की। उल्लेखनीय है कि, सरकार का पैसा खर्च होने के बावजुद नागरिकों को नाली सफाई का लाभ नहीं मिला। सरकार की 21500 का झुमकलाल दमाहे ने अकेले ही सारा लाभ ले लिया।

### उपसरपंच की धर्मपत्नी बुध्दशीला विनोद चौव्हान के नाम पर, मजुरी स्वरुप निकाले 11 हजार रुपए :

ग्राम पंचायत के 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत वर्ष 2024- 25 में मजुरी के नाम पर उपसरपंच की धर्मपत्नी बुध्दशीला विनोद चौव्हान को 11 हजार रुपए का भुगतान किया गया। लेकिन 5 हजार की लोकसंख्या वाले ग्राम पांढराबोड़ी में किसी ने भी उपसरपंच की घरवाली को सिमेंट रोड की साईट या अन्य किसी भी बांधकाम साईट पर मजुरी करते नहीं देखा यह विशेष उल्लेखनीय है। ग्राम पंचायत में चल रहे अत्याधिक भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और भ्रष्ट सरपंच झुकमलाल दमाहे उपसरपंच विनोद चौव्हान और इनकी पुरी भ्रष्ट टीम पर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर पंचायत समिती सदस्य भुवनलाल नागपुरे, ग्राप सदस्य रिना राजेश नागपुरे, गजलाल भैयालाल गराडे, राजेश रमनलाल नागपुरे आदि ने डकारी गई रकम की वसुली होते तक संघर्ष की तैयारी दर्शायी है, जिससे निश्चित रुप से आज नहीं तो कल इस भ्रष्टाचार की सजा दोषियों को मिलेगी ऐसी संभावनाए ग्रामीणों द्वारा व्यक्त की जा रही है।

### साहित्य खरीदते समय आमंत्रित नहीं की निविदाए..

सर्वविदित है कि, किसी भी शासकीय साहित्य की खरीदी, अधिकृत जेम पोर्टल या फिर बकायदा अखबार में छापकर निविदा प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है। लेकिन पेयजल हेतु आरो से लेकर कोई भी साहित्य खरीदी के लिए खुली निविदा आमंत्रित नहीं हुई और बाजार में 5 हजार रुपए में मिलने वाली चीजों को 50 हजार रुपए में झुमकलाल दमाहे ने खरीदकर डकैती डाली है, ऐसा अहवाल से स्पष्ट है।

### काटे गए टीडीएस को शासकीय खाते में जमा न कर, सारी राशी खुद डकारी..

ग्राम पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार के बांधकाम, मजुरी या साहित्य खरीदी के भुगतान के समय देश के प्रचलित नियमानुसार 2 प्रतिशत **TDS** भुगतान राशी में काटकर इमकन टैक्स विभाग में जमा करना होता है, लेकिन झुमक दमाहे में वर्ष 2024- 25 में रुपये 20317, वर्ष 2025 - 26 में रुपये 9902 ऐसे कुल रुपये 30219 **TDS** स्वरुप काटे लेकिन इमकान टैक्स विभाग में जमा न करते हुए खुद ही गबन कर लिए।

# सभी अस्पताल मे काली पट्टी एवं बॅच लगाकर डॉक्टर नर्स एंव वैद्यकीय कर्मचारी करेंगे काम..

### डोंबिवली शास्त्रीनगर महापालिका अस्पताल में डॉक्टर एवं कर्मचारियों पर हिसंक हमेले के विरोध में आंदोलन..

### नॅशनल इंटिग्रेटड वैद्यकीय असोसिएशन का आंदोलन..



जगप्रेरणा आमगांव।

नॅशनल इंटिग्रेटड वैद्यकीय असोसिएशन के माध्यम से डोंबिवली शास्त्रीनगर महापालिका अस्पताल के डॉक्टर एवं कर्मचारियों पर हुये हिसंक हमेले के विरोध में आज 20 जुलाई सोमवार को सुबह 6:00 से 21 जुलाई मंगलवार सुबह 6:00 बजे तक सभी क्लिनिक अस्पताल बंद करने का फैसला लिया था किन्तु मा. उच्च न्यायालय के आदेश से यह आंदोलन स्थगित किया गया एवं अब निमा एवं आय एम ए ने सभी सदस्य नर्स एंव पॅरामेडीकल स्टाप 20 जुलाई सोमवार को सभी क्लिनिक अस्पताल शुरु रखकर काली पट्टी एवं काली बॅच लगाकर डोंबीवली शास्त्री नगर महापालिका अस्पताल में डॉक्टर एवं कर्मचारियों पर हुये हिसंक हमेले का विरोध एवं आंदोलन करेगी एवं सभी शाखा निवेदन संबंधित जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को सोपेगी सभी डॉक्टर्स नर्स एंव पॅरामेडीकल स्टाप से इस आंदोलन में शामिल होने का आव्हान निमा के जिला सचिव शैलश भसे ने किया है।

# श्री लहरी आश्रम संस्थान, कामठा के प. पु. तुकड़्या बाबा ने विधायक डॉ. फुके और ब्राम्हणकर से सदिक्छा भेंट की





जगप्रेरणा गोंदिया।

*श्री लहरी आश्रम संस्थान(मद्यकाशी), कामठा के अध्यक्ष डॉ. खिलेश्वर खरकाटे उर्फतुकड़्या बाबा ने लाखनी में विधायक डॉ. परिणय फुके और*

नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य अविनाश ब्राम्हणकर से सदिक्छा भेंट की एवं संस्थान में जारी विकास कामों के बारे में चर्चा की और साथ ही दोनों विधायकों को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आश्रम आने का निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर तुकड़्या बाबा ने अविनाश ब्राम्हणकर का स्वागत किया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक भेरसिंह नागपुरे, टीकाराम मेंढे, श्री लहरी आश्रम संस्थान के सचिव गोविंद मेश्राम, ट्रस्ट बोर्ड के अपूर्व मेठी, गोंदिया जिला मजदूर संघ के पूर्व अध्यक्ष दीपक कदम, विवेक खरकाटे और अन्य लोग मौजूद थे।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433


# राज्य में लागू की गई नई स्कूल बस नीति, अग्रिम एकमुश्त राशि वसूलने पर प्रतिबंध..

### विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन और सीट बेल्ट अनिवार्य..

### आमगाव तहसिल सहित जिले की स्कूल बसो मे क्या होगा नई स्कूल बस निती का क्रियान्वयन..





जगप्रेरणा आमगांव।

*राज्य में लाखों विद्यार्थियों की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार की नई स्कूल बस नीति शनिवार से लागू हो गई है। इस नीति के तहत स्कूलों, बस चालकों, परिवहन ठेकेदारों और*

स्कूल प्रशासन पर कई सख्त नियम लागू किए गए है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. नई व्यवस्था के तहत नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नई नीति के तहत प्रत्येक स्कूल बस और विद्यार्थियों को ले जाने वाली वैन में जीपीएस आधारित वाहन लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, पैनिक बटन अग्निशमन अलार्म प्रणाली तथा प्रत्येक सीट पर सीट बेल्ट अनिवार्य होगी. इससे अभिभावक बस की रीयल टाइम लोकेशन देख सकेंगे और आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी।

विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चालकों और कर्मचारियों के लिए भी कड़े नियम लागू किए गए हैं। चालक की नियुक्ति से पहले पुलिस सत्यापन, ड्राइविंग लाइसेंस और आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच अनिवार्य होगी चालक के पास कम से कम पांच वर्ष का वाहन चलाने का अनुभव होना जरूरी होगा. इसके अलावा चालक, क्लीनर और सहायक की हर सप्ताह ड्रग्स और शराब की जांच की जाएगी।

### पांचवीं कक्षा तक के छात्रों की बस में महिला परिचारिका जरूरी की गई है..

पूर्व-प्राथमिक से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की बसों में महिला पारिचारिका को रखना अनिवार्य होगा, नई नीति के तहत अभिभावकों से परिवहन शुल्क केवल मासिक आधार पर ही लिया जाएगा. पूरे वर्ष का शुल्क या अग्रिम एकमुश्त राशि वसूलने पर प्रतिबंध रहेगा, स्कूल बस का किराया क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण तय करेगा। परिवहन विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि कोई संस्था अग्रिम एकमुश्त शुल्क वसूलती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बस में चढ़ने-उतरने का रिकॉर्ड रखना होगा विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए बस में चढ़ने और उतरने के समय के साथ उनकी उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। यदि निर्धारित बस स्टॉप पर अभिभावक या अधिकृत व्यक्ति मौजूद नहीं होगा, तो विद्यार्थी को वहीं छोड़ने के बजाय वापस स्कूल लाकर अभिभावकों को सौंपना होगा।

इसके अलावा प्रत्येक स्कूल में अभिभावकों की शिकायतों के निवारण के लिए 'स्कूल परिवहन समिति का गठन अनिवार्य होगा। साथ ही स्कूल परिवहन में लगे सभी वाहनों की हर छह महीने में आरटीओ से फिटनेस जांच कराना और उसका प्रमाणपत्र स्कूल में सुरक्षित रखना भी जरूरी होगा इन सभी सख्त नियमों के स्कुलो मे स्कुल बसो एवं वैन से जानेवाले छात्र छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना उद्देश्य है किंतु आमगांव तहसील सहित गोंदिया जिले में चलाई जा सैकडो स्कूल बसों एवं वैन में इन सख्त नियमों का कडाई से पालन किया जायेगा या नही यह आनेवाले दिनों में देखना होगा।

# श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, आमगांव में शिक्षक-अभिभावक समिति का गठन..



जगप्रेरणा आमगांव।

*स्थानीय श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए शिक्षक-अभिभावक समिति (PTA) का आधिकारिक गठन किया गया।*

शासकीय नियमों का पालन करते हुए आज, शनिवार दिनांक 18 जुलाई 2026 को विद्यालय की प्रधानाचार्या की गरिमामयी उपस्थिति में यह प्रक्रिया संपन्न हुई। समिति के गठन के लिए नियमानुसार विद्यालय की कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों से पहले ही आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के बाद लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से नई कार्यकारिणी का चयन किया गया नवनिर्वाचित कार्यकारिणी इस प्रकार है: अध्यक्ष: श्रीमती स्मृति छपरिया (प्रधानाचार्या)। उपाध्यक्ष: श्री राजेंद्र बंसोड़। सचिव: श्रीमती वनिता उपाध्याय। सह-सचिव: श्रीमती पूजा अग्रवाल और श्रीमती विनीता नायडू। सर्वसम्मति से समिति के गठन के बाद आयोजित बैठक में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार और आगामी विभिन्न स्कूल गतिविधियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सफल चयन पर विद्यालय के शिक्षक वर्ग, अभिभावकों और प्रबंधन समिति ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

### अचानक तबीयत खराब हुवे युवक की उपचार के दौरान मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

**गोंदिया जिले के चिचगड पुलिस थाना अंर्तगत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/7/2026 के 8 बजे के दरम्यान चिचगड मे संजोग जभर मरई उम्र 38 वर्ष निवासी ककोडी की तबीयत खराब हुई उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल चिचगड ले गये जहा डाक्टर ने जाच कर मृत घोषीत करने से दिये मेमो पर पोस्टे चिचगड मे अकस्मात मौत क्रमांक 17/2026 धारा 194, भान्यासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा हलमारे 1185 पोस्टे चिचगड कर रहे है।**

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### छोटा गोंदिया के पेंट दुकान मे चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार छोटा गोंदिया मे दिनांक 17/ 7/ 2026 के रात मे फर्यादी कृष्णकुमार संपतजी मुटकुरे उम्र 41 वर्ष निवासी हरीओम कॉलोनी की लिटील प्लावर स्कुल के बा जु मे महादेव ट्रेडर्स और कृष्णा पेन्ट की दुकान है। घटना तारीख के रात अज्ञात चोर ने फर्यादी के दुकान से 50 हजार रुपये, पेंट दुकान से 17 हजार रुपये कुल 67 हजार रुपये चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 516/2026 धारा 305,331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा शेन्डे 330 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### गवाई देने की बात पर बाप बेटे मे हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।


गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंर्तगत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/7/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान फर्यादी प्रद्युन्म सुमेरचंद नागपुरे घटना के समय घर आया और चाय पी रहा था। तभी आरोपी बाहर से आया और चंदुलाल को गाली दे रहा था, की मैने प्रद्युन्म के खिलाफगवाई देने बोला था नही दिया तो मेरे घर मे नही होना बोलकर फर्यादी की पत्नी से मारपीट की फर्यादी बिचबचाव करने गया तो चुले के जलती लकडी से उसे मारकर जख्मी किया और आगे देख लेने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 350/2026 धारा 118, 1, 115, 2, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा सुनिल वानखेडे 1184 पोलीस स्टेशन सालेकसा कर रहे है।

### जमीन के झगडे मे चलाई लाठी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के केशोरी पुलिस थाना अंर्तगत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है, प्राप्त जानकारी अनुसार 18/7/2026 के 7 बजे के दरम्यान चिचोली मे सुधाकर गोपीचंद गोटेफोडे उम्र 42 वर्ष निवासी अर्जुनी मोर के पटटाधारी क्रमांक 197 मे ट्रक्टर चालक रविन्द्र गोटफोडे का किराय का ट्रक्टर लेकर अपनी जमीन पर काम कर रहा था। जहा आरोपी ने आकर कहा ये जमीन मेरी है बोलकर लकड़ी से मारपीट की आरोपी क्रमांक 2 ने आकर कहा यदी दोबारा जमीन पर दिखेगा तो मारने की धमकी देने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे केशोरी मे अपराध क्रमांक 123/2026 धारा 329, 1, 329, 3, 118, 1, 351, 1, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा अजय मौजे 1562 पोस्टे केशोरी कर रहे है।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200







जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली






### पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल-सांसद राजेन्द्र जैन की प्रमुख उपस्थिती में

# प.पू. राष्ट्रसंत प्रदीप जी मिश्रा की गोंदिया में नियोजित भव्य शिव महापुराण कथा हेतु प्रथम चर्चा बैठक संपन्न..

**प्रदीपजी मिश्रा द्वारा शिव महापुराण कथा सभी गोंदियाकरों का महायज्ञ और प्रभु भोलेनाथ का भव्य उत्सव - पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल**

**गोपाल भैया के इस भव्य धार्मिक आयोजन का हर नागरिक को मिलेगा पुण्य, सभी का रहेगा भरपुर सक्रिय सहयोग - राज्यसभा सांसद राजेन्द्र जैन**






जगप्रेरणा गोंदिया।

***पूर्व विधायक श्री गोपालदास अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रताप मेमोरियल चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी 25 से 31 जनवरी तक गोंदिया में परम पूज्य राष्ट्रसंत श्री प्रदीपजी मिश्रा सीहोरवाले के श्रीमुख से आयोजित भव्य शिव महापुराण कथा के कुशल नियोजन, संचालन एवं सक्रिय सहभागीता को लेकर नगर के वरिष्ठ नागरिकों, विभिन्न सेवाभावी संगठनो के प्रतिनिधियों एवं स्वंयसेवकों की भव्य बैठक व चर्चासत्र सफलतापूर्वक श्री गुरुनानक ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।***

इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि इस आयोजन की प्रेरणा विगत अनेक वर्षो से उन्हें न केवल गोंदिया जिले के धर्म अनुरागी नागरिकों से अपितु भंडारा एवं पड़ोसी राज्य के बालाघाट जिले से प्राप्त हो रही थी। विगत दिनों शिर्डी प्रवास के दौरान राज्य के जलसंधारण मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील के निवास पर पं.परम पूज्य संत पंडित प्रदीपजी मिश्रा से मिलने का सुअवसर प्राप्त हुआ और कुछ समय की सार्थक चर्चा के पश्चात उन्होंने गोंदिया में कथा के मेरे आग्रह को सहर्ष स्वीकार किया।

यह आयोजन केवल प्रताप मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट या गोपालदास अग्रवाल का न होकर संपूर्ण गोंदिया का आयोजन है जिसमें संपूर्ण गोंदिया को महायज्ञ का लाभ और प्रभु भोलेनाथ का भव्य उत्सव मनाने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने आगे कहा कि, आगामी 6 माह तक इस विशाल आयोजन की सफलता और आयोजन में सहभागी होने वाले लाखों श्रध्दालुओं की जिम्मेदारी विभिन्न समितीयों को पुरी ईमानदारी और लगन से उठानी होगी, जिससे गोंदिया के पश्चात पंडित प्रदीप मिश्रा कहीं भी कथा करने जाए तो उन्हें गोंदिया का अपनापन और सुंदर व्यवस्था स्मरण रहे। पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने सभी उपस्थितों का आभार मानते हुए कथा की तैयारियों में जुट जाने का आवाहन किया।

इस अवसर पर विशेष रुप से उपस्थित नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेन्द्र जैन ने कहा कि, इसमें कोई संदेह नहीं है कि, गोपाल भैया किसी भी कार्य को सुनियोजित ढंग से करने के लिए जाने जाते है और उनकी यह ख्याती केवल महाराष्ट्र राज्य तक सिमित न होकर भारत की राजधानी दिल्ली में भी प्रसिध्द है।

हाल ही में दिल्ली प्रवास के अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर इन बातों का उल्लेख करते हुए राजेन्द्र जैन ने कहा कि, गोपाल भैया के इस भव्य धार्मिक आयोजन का हर नागरिक को पुण्य मिलेगा और आयोजन की सफलता हेतु सभी का भरपुर सक्रिय सहयोग रहेगा। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन अपूर्व अग्रवाल ने किया। इससे पूर्व चर्चा सत्र का शुभारंभ भगवान भोलेनाथ के तैलचित्र पर मंत्रोच्चार के साथ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर मंच में प्रमुख रुप से एमआयडीसी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुमचंद अग्रवाल, महावीर मारवाड़ी एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, मारवाड़ी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल, पुज्य सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष दरयानोमल आसवानी, गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन के अध्यक्ष किरणकुमार मुंदडा, गोंदिया शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोकसिंग चौधरी, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष नरेश बंग, श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा के अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल, सी.ए.राजेश व्यास सहित सभाकक्ष में प्रेमनारायण चैरसिया, रितेश अग्रवाल, नंदकुमार बिसेन, समरीतकुमार नशीने, हरीश घनश्याम अग्रवाल, श्यामसुंदर अग्रवाल, मनीष सोनी, शैलेश तिवारी, अतुल दुबे, निलेश चौबे, राहुल तिवारी, अंकित तिवारी, लक्ष्मी हितेश अग्रवाल, हेमेन्द्र पोददार, विजय रगडे, एड.योगेश बापू अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, सविता टेंभरे, दिवकन बिसेन, बबीता ठाकरे, पुस्तकला माने, निर्मला शरणागत, आरती राहांगडाले, विहिप मंत्री पूजा गौरव शिवहरे, महेन्द्र देशमुख, रमेश अग्रवाल, केतन तुरकर, नानु मुदलीयार, सुमित खोब्रागडे, निता लिल्हारे, सोनी कावरे, शुभा भारद्वाज, अनुराग पुरोहित, महेश सोनी, दिलीप आर.अग्रवाल, गणपती उरकुड़े, गोविंद येडे, त्रिरेन्द्र बिसेन, बलजितसिंग बग्गा, सौरभ होरा, चैनलाल ठाकरे, मंजु अग्रवाल, प्रशांत गुप्ता, पवन अग्रवाल, अजय खंडेलवाल, अभिजीत सोनी, मुकेश जलवाण्या, रुपाली राजकुमार, भाऊलाल तरोणे, द्वारकादास अग्रवाल, संतोष शर्मा, गोलु जोशी, ललीत शर्मा, राजेश्वर कनौजिया, शैलेश असाटी, महेश आहुजा, चोईथराम गोपलानी, राजकुमार नोतानी, कमल वाधवानी, मोहन नोतानी, श्याम नोतानी, अजयसिंग गौर, विजय अग्रवाल, अजित सिंग, राजेश कनौजिया, नरेन्द्र बिसेन, अनिल कुमार मेश्राम, सुजित अग्रवाल, दिनेश मोरघड़े, मंजुर जैन, अभिजीत अग्रवाल, अजिय हरिशचंद्र अग्रवाल, अपुर्व मेठी, आशीष वर्मा, करण आर. अग्रवाल, संतोषभाऊ श्रीवास, अभिनव भरणे, नवीन अग्रवाल, राम बिसेन, शिव ब्रजमोहन अग्रवाल, अमर अग्रवाल, रमाकांत मुन्ना अवस्थी, राम अग्रवाल, राम माखीजा, राहुल ठाकुर, रुची ठाकुर, शंकरलाल अग्रवाल, श्रीकांत चांदुरकर, संतोष पुरोहित, सुरेश पटले, पंकज पलन, नरेश गुप्ता, पंकज अग्रवाल, अमन जैसवाल, गोल्डी गांवडे, प्रदिप द्विवेदी, क्रांती जैसवाल, अमर रंगारी, कैलाश कनौजिया, रमेश गुप्ता, राजेन्द्रसिंह चैहान, अशोक शेंडे, शिवकुमार अग्रवाल, अशोक शर्मा, लखनलाल तुरकर, हर्षल पवार, गोकुलदास फाफट, देवकीनंदन अग्रवाल, जगदिश शर्मा आमगांव, जयंत गुप्ता, मनीष शर्मा स्वामी, शकीलभाई मन्सुरी, व्यंकट पाथरु, अशोक गप्पु गुप्ता, हरिष चौधरी, मनोज जोशी, नितीन अग्रवाल, राजकुमार पटले, बलराज कुंगवानी, सागर गुप्ता, सरस्वती सर, आशीष धार्मिक, प्रितेश अग्रवाल, विक्रांत राजकुमार, एड.पुजा तिवारी, हितेश कोडवानी, सोनु मानकर, रुपा अग्रवाल, नरेश बैस, हुकुमचंद अग्रवाल, छैलबिहारी अग्रवाल, संजय जैन, चंद्रेश ईसरका, राजा ईसरका, तनुजा श्रीबास, चंद्रकुमार चुटे, अरुण दर्यानी, करण अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, संदीप राहांगडाले, विनोद बिसेन, गणेश अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, आदित्य शिवहरे, तारा चिखलोंडे, रमेश मेंढे, अनिता मेंढे, संजीव बापट, साफाल साहु, रविन्द्र राव, उमंग साहु, रोशन रज्जाक, विनोद अग्रवाल, संजु माने, अंतकला कुंभलवार, गीता तराटे, अंकेश हरिणखेडे, शिवकुमार दिवानीवाल, अतुल शेंडे, मोहित फुंडे, राजकुमार कटरे, हिमेश्वरी कावड़े, माधुरी परमार, सुभाष जैन सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रमी नागरिकगण उपस्थित थे।

# कृषि उत्पन्न बाजार समिति सभापति भाऊराव उके की कार्यप्रणाली को लेकर सदस्यों में रोष..

**मीटिंग में सदस्यों ने लगाए अनेक आरोप, ढाई साल का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी नही दे रहे इस्तीफा..**



जगप्रेरणा गोंदिया।

***भले ही जिले में विचारधारा की लड़ाई में भाजपा कांग्रेस एक दूसरे के विरोधी संगठन है, लेकिन गोंदिया जिले में भाजपा कांग्रेस संगठन ने मिलकर भी अनेक मर्तबा स्थानीय स्तर पर जिला परिषद एवं अन्य स्थानों पर सत्ता पर समन्वय बनाया है, तथा इसी तरह से गोंदिया जिले में गोंदिया कृषि उत्पन्न बाजार समिति में भी देखने में आया था कि जब कृषि***

उत्पन्न बाजार समिति के चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के सदस्यों ने मिलकर समन्वय स्थापित किया था, लेकिन अब यह समन्वय भी खटाई में दिख रहा है, तथा कृषि उत्पन्न बाजार समिति के सभापति भाऊराव उके जो कि विगत वर्ष ही रिश्वत लेते पकड़े गए थे, तथा रिश्वत मामले में मुख्य आरोपी बनाए गए थे, लेकिन उसके बाद भी सदस्यों से तालमेल नहीं बनने और मनमानी के बावजूद भी भाऊराव उके का राज कृषि उत्पन्न बाजार समिति में कायम रहा, लेकिन अब भाऊराव उके के खिलाफ विरोध मुखर हो चला है। राजनीतिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक विनोद अग्रवाल के खासमखास माने जाने वाले भाऊराव उके को जब सभापति मनोनित किया गया था, तब दो पक्षों के बीच ढाई ढाई साल का कार्यकाल तय किया गया था। भाऊराव उके को विधायक विनोद अग्रवाल की पसंद के कारण प्रथम अवसर दिया गया था, लेकिन ढाई साल बीत जाने के बाद भी भाऊराव उके अब अपना पद छोड़ने के लिये तैयार नहीं है। सूत्रों के अनुसार दिनांक 18 जुलाई को कृषि उत्पन्न बाजार समिति की बैठक हुई, जिसमें प्रस्ताव लेकर आर्थिक आधार पर निर्णय के समस्त अधिकार सदस्यों ने सर्वसम्मति से भाऊराव उके से ले लिये, लेकिन इसके बाद भी भाऊराव उके अपना पद छोड़ने के लिये तैयार नहीं है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ना सिर्फ सहयोगी पक्ष के अपितु भाजपा पक्ष के भी अनेक सदस्य भाऊराव उके को सभापति के पद पर यथावत रखे जाने के पक्ष में नहीं है, तथा सभी ने अपना विरोध विधायक विनोद अग्रवाल एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं के समक्ष रख दिया है। अब देखना होगा कि भाऊराव उके कृषि उत्पन्न बाजार समिति में नेतृत्व की कुर्सी पर कृपापात्र बने रहेंगे या फिर साथी सदस्यों के विरोध के चलते इस्तीफा देने का निर्णय लेंगे, देखने वाली बात होगी।

# साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ गोंदिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जगप्रेरणा गोंदिया।

***देश में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों को रोकने के लिए गोंदिया जिला पुलिस ने एक बड़ी और प्रभावी कार्रवाई की है। साइबर धोखेबाजों द्वारा ठगी की रकम को छिपाने और ट्रांसफर करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 'म्यूल बैंक खातों' के खिलाफ***

**'म्यूल बैंक खातों' पर कसा शिकंजा, 15 खाता धारकों के खिलाफ दर्ज किया मामला..**

**कमीशन और लोन के झांसे में आकर अपना बैंक खाता दूसरों को देने वाले सावध..**

**पुलिस की विशेष मुहिम के तहत हुई सख्त कार्रवाई..**

पुलिस ने एक विशेष मुहिम चलाई है। इस कार्रवाई के तहत गोंदिया जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कुल 15 म्यूल बैंक खाताधारकों के खिलाफ कानूनी मामले दर्ज किए गए हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल से प्राप्त डेटा और शिकायतों के गहन विश्लेषण के बाद यह कार्रवाई की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि साइबर अपराधी आम लोगों को पैसों का लालच, नौकरी, लोन दिलाने या सिबिल स्कोर बढ़ाने का झांसा देकर उनके बैंक खातों का इस्तेमाल अवैध ट्रांजैक्शन के लिए कर रहे हैं।

## क्या होता है 'म्यूल बैंक खाता'

म्यूल बैंक खाता वह खाता होता है जिसका मूल मालिक कोई और होता है, लेकिन साइबर अपराधी ऑनलाइन धोखाधड़ी की रकम मंगाने के लिए इसे दूसरों से खरीद लेते हैं। अपराधी लोगों को कमीशन या अन्य झांसा देकर उनके बैंक खाते की किट–जैसे यूजर आईडी, पासवर्ड, सिम कार्ड, चेकबुक और एटीएम कार्ड–अपने कब्जे में ले लेते हैं। इसके बाद इन खातों में धोखाधड़ी का पैसा ट्रांसफर किया जाता है और एटीएम या चेक के जरिए निकाल लिया जाता है।

पुलिस अधीक्षक श्री गोरख भामरे और अपर पुलिस अधीक्षक श्री अशोक डोंगरे के मार्गदर्शन में गोंदिया साइबर सेल और सभी स्थानीय पुलिस स्टेशनों द्वारा इस विशेष अभियान को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि साइबर अपराधियों की मदद करने वाले या लालच में आकर अपना खाता बेचने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

## गोंदिया पुलिस की नागरिकों से अपील..

किसी भी अनजान व्यक्ति को या किसी ऑनलाइन झांसे में आकर अपना बैंक खाता, सिम कार्ड, एटीएम कार्ड, पासवर्ड या चेकबुक न दें। कमीशन के लालच में आकर अपने नाम पर खाता खुलवाकर किसी और को सौंपना कानूनन अपराध है। यदि आपको किसी भी प्रकार का संदेह हो, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। नागरिक अपनी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल 222.ष्4ड्डद्गह्म्ष्द्धद्वद्ग.द्दश1.द्बठ्ठ पर या अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में भी दर्ज करा सकते हैं। गोंदिया पुलिस ने जनता से सतर्क रहने का आह्वान किया है ताकि वे अनजाने में किसी बड़े साइबर सिंडिकेट का हिस्सा बनने से बच सकें।

# वांगचुंग के साथ जो कर रही मोदी सरकार, उसे देश समझ रहा है, जनता गूंगी बहरी नहीं है.. - छैलबिहारी अग्रवाल



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया के वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व भाजपा नेता छैलबिहारी अग्रवाल ने नीट परीक्षा में गड़बड़ी सामने आने के बाद शिक्षा मंत्री का इस्तीफा नहीं दिलवाए जाने और सोनम वांगचुंग की भूख हड़ताल पर भी सरकार के नहीं झुकने और वांगचुंग को पुलिस बल द्वारा उठवाकर अस्पताल पहुंचाने की घटना को जनमानस को नहीं पसंद आने वाला कृत्य***

करार दिया है, और कहा है कि भाजपा सरकार जहां अपने लोगों के भ्रष्टाचार को छिपाकर राष्ट्रद्रोह को अंजाम देती है वहीं भाजपा के खिलाफसहीं आवाज उठाने वालों को राष्ट्रद्रोही साबित करने का षड्यंत्र भी करती है। छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि देश की जनता अब मोदी और भाजपा को नीति को समझने लगी है, और मोदी का नशा अब जनता पर से उतरने लगा है, क्योंकि मोदी सरकार वही मनमानी कर रही है जिसे करने पर देश की जनता ने इंदिरा गांधी को भी सत्ता से उतार दिया था।

## मोदी सरकार भ्रष्टाचार की पनाहगार..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि भाजपा देश की जनता के सामने डंके की चोट पे भ्रष्टाचार का प्रदर्शन कर रही है, और भ्रष्टाचार में भाजपा ने कांग्रेस को भी पीछे छोड़ दिया है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सरकार में जितने भी घोटाले हुए, किसी घोटाले को सरकार ने ना तो स्वीकार किया, ना ही भ्रष्टाचार पर कोई एक्शन भी लिया। मध्यप्रदेश में व्यापम का घोटाला, डम्पर घोटाला, टेंडर घोटाला, महाराष्ट्र में चिक्की का घोटाला, पूरे देश में हो रहा सड़क परिवहन विभाग में कमिशन और घटिया निर्माण कार्यों का घोटाला, संविदा परीक्षा और हाल ही में नीट का घोटाला, देश भर में आयुष्मान योजना में हो रहा कमीशन घोटाला, विभिन्न विभागों में सप्लाई और निर्माण कार्य में घोटाला, खराब घटिया पुल पुलियाओं का निर्माण, मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री का जमीन घोटाला आदि इतना बड़ा भ्रष्टाचार निरंतर हो रहा है कि जो सबको दिखाई देता है, लेकिन दुर्भाग्य और शर्म की बात है कि किसी भ्रष्टाचारी और भ्रष्टाचार को सामने लाने पर सरकार कोई कार्यवाही नहीं करती बल्कि भ्रष्टों को बचाने का काम करती है, और इसका सबसे बड़ा उदाहरण आज नीट परीक्षा को लेकर बना हुआ है, जिसमें सरकार ने पेपर लीक उजागर होने पर आरोपियों को गिरफ्तार तो कर लिया, लेकिन जवाबदेही तय कर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा नहीं करवाया। जबकि दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार में देश ने देखा था कि किस तरह टेलीफोन टू जी स्पेक्ट्रम घोटाले के आरोप में ए राजा, कनिमोझी, कॉमनवेल्थ में सुरेश कलमाडी जेल गए, जबकि भाजपा में तो भ्रष्टाचारी नेता की सरकार ही पनाहगार बन गई है।

## जो साथ वो ईमानदार जो विरोधी वो बेईमान..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा को भाजपा के राज में अलग ही प्रथा चल पड़ी है। सरकार डंके की चोट पर चुनी हुई सरकार को उखाड़कर सत्ता पक्ष के और सांसदों को खरीदकर अपनी ताकत बढ़ा रही है, और मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में इसका सबसे अनीतिपूर्ण प्रदर्शन देश की जनता देख रही है। श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि भाजपा पहले जिन नेताओं पर आरोप लगाती है, ईडी और सीबीआई की सख्ती बरतती है, उन्हीं नेताओं को फिर साथ में मिलाकर क्लिन चीट भी दे देती है। इसका मतलब यह हुआ कि जो साथ में है वो ईमानदार और जो विरोध करे या भाजपा सरकार की पोल खोले वो बेईमान, इस तरह से सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण है।



## अब सोनम वांगचुंग की देशभक्ति को देशद्रोही मे बदलने की कोशिश..

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि नीट परीक्षा मामले में सोनम वांगचुंग ने भूख हड़ताल शुरु की तो अब सरकार ने वांगचुंग के खातों में विदेशी फंडिंग की खबरें फैलाना शुरु कर दिया है, और सोनम वांगचुंग को देश का गद्दार बताने की कोशिश की जा रही है। श्री अग्रवाल ने कहा कि सोनम वांगचुंग की हड़ताल से घबराकर अमीर खान पर भी दबाव डालकर थ्री इडियट फिल्म से सोनम का कोई लेना देना नहीं यह भी बयान जारी करवा दिया गया। भाजपा की समय समय पर छबी धुमिल करने और छबी बनाने की इस नीति के पीछे के आशय को भी जनता समझ रही है, तथा इस तरह के कारणों से देश में भाजपा के खिलाफ अंर्तविरोध अब सुलग रहा है, जो कभी भी उग्र रुप ले सकता है, भाजपा को इस तरह की हरकतों से बचना चाहिये।






स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक – स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक – आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल – jagprernaw@gmail.com